दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



रील से रियल तक.....

200 रूपए के लिए .......

वर्ष : 11 अंक : 336 लखनऊ, 26 नवम्बर, बुधवार 2025 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

## 'इलेक्शन कमीशन' अब एक निष्पक्ष संस्था नहीं रह गई है, यह 'बीजेपी कमीशन' बन गई: ममता

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि भाजपा राजनीतिक रूप से मेरा मुकाबला नहीं कर सकती और न ही मुझे हरा सकती है। उन्होंने कहा कि 'इलेक्शन कमीशन' अब एक निष्पक्ष संस्था नहीं रह गई है, यह 'बीजेपी कमीशन' बन गई है। मंगलवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बोंगांव में एक सभा को संबोधित करते हुए एक बार फिर एसआईआर को लेकर भाजपा और चुनाव आयोग पर आरोप लगाए।

बनर्जी ने सवाल किया कि क्या भाजपा शासित राज्यों में एसआईआर का आयोजन यह दर्शाता है कि केंद्र सरकार स्वीकार करती है कि वहां 'घुसपैठिया' मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि मैं



बीरभूम में पैदा हुई, वरना मुझे भी बांग्लादेशी कहते। अपने भाषण की शुरुआत में ममता ने हेलीकॉप्टर को लेकर भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा, "मैं हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल नहीं करती। मैं कार से चलती हूँ। राज्य सरकार के पास एक हेलीकॉप्टर है। यह किराए पर है। मुझे सुबह 10 बजे यहाँ आना था। सुबह अचानक पता चला कि हेलीकॉप्टर नहीं जाएगा। चुनाव से पहले ही झगड़ा शुरू हो गया था। लेकिन मेरे लिए यह अच्छा रहा। रास्ते में कई जगह घूमा। लोगों से बातें कीं।

उन्होंने दावा किया कि मैंने भाजपा से कहा कि मैं जो खेल खेलूँगी, उसमें मुझे कोई छू नहीं सकता। गलियों में घूमने से मेरा संपर्क और भी लोगों से हुआ है। एसआईआर के बारे में उन्होंने कहा कि एसआईआर कराने में तीन साल लगते हैं। 2002 में भी यही हुआ था। हमने कहा था कि कोई भी वैध मतदाता छूटेगा नहीं। अब नियम बदल रहे हैं। आयोग तय कर रहा है कि सरकार में कौन बैठेगा। चुनाव आयोग को निष्पक्ष होना चाहिए। पहले मुझे आधार कार्ड मिला था। वहाँ सबने पैसे खर्च किए। मुझे भी पैसे खर्च करने पड़े। मेरा आधा घंटा बर्बाद हो गया।

## संसदीय समिति में बोले बृजमोहन: जैविक उर्वरक अब विकल्प नहीं, आवश्यकता

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

देश के कृषि भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए जैविक उर्वरक अब विकल्प नहीं, आवश्यकता बन चुके है। यह विचार सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल मंगलवार को संसदीय परिसर में जैविक एवं जैव उर्वरकों को बढ़ावा विषय पर केंद्रित रसायन एवं उर्वरक संबंधी संसदीय स्थायी समिति की अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक में रखे। बैठक में रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय (उर्वरक विभाग) के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया, जिसमें



उत्पादन, प्रमाणीकरण और वितरण से जुड़े प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा हुई। बृजमोहन अग्रवाल ने जैविक उर्वरकों की उपलब्धता ग्रामीण क्षेत्रों तक सरलता से सुनिश्चित करने पर बल दिया।

उन्होंने राज्यवार आवश्यकता के अनुसार उत्पादन क्षमता बढ़ाने तथा प्रमाणीकरण प्रक्रिया को तेज़ और किसान-हितैषी बनाने पर जोर दिया। साथ ही गुणवत्ता नियंत्रण के लिए तकनीकी निगरानी तंत्र को सुदृढ़ करने की बात कही और किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) तथा महिला स्व-सहायता समूहों को जैविक उर्वरक उत्पादन में जोड़ने का प्रस्ताव रखा।

ब्रजमोहन अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत 'केमिकल-फ्री खेती' और 'प्राकृतिक कृषि' की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

नीति सुधार, वैज्ञानिक अनुसंधान तथा किसान-केंद्रित योजनाओं का विस्तार-इन सबने भारत में कृषि परिवर्तन की नई गाथा लिखनी शुरू कर दी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि किसानों की समृद्धि, मिट्टी की सेहत और कृषि का भविष्य। इन्हीं तीन आधारों पर आधारित यह बैठक ग्रामीण भारत में नई ऊर्जा का संचार करेगी।

**मौसम**

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 42.c |
| न्यूनतम तापमान | 29.c |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| सेंसेक्स | 82,530.74 |
| निफटी | 25,062.10 |

## फल और सब्जियों के उत्पादन सहित लगभग सभी बागवानी फसलों में बढ़ोतरी: शिवराज

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज वर्ष 2024-25 की बागवानी फसलों के क्षेत्रफल व उत्पादन के तृतीय अग्रिम अनुमान जारी किए।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के कृषि एवं बागवानी क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हो रही और हमारे किसान भाइयों-बहनों की मेहनत का सुफल परिलक्षित हो रहा है। बागवानी फसल क्षेत्रफल में 4 लाख हेक्टेयर की वृद्धि अनुमानित है, जो गत वर्ष के 290.86 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 294.88 लाख हेक्टेयर है। उत्पादन में 143.11 लाख टन की वृद्धि अनुमानित है, जो 3547.44 लाख टन से बढ़कर 3690.55 लाख टन अनुमानित है।

शिवराज सिंह ने कहा कि ये वृद्धि किसानों की कड़ी मेहनत, कृषि वैज्ञानिकों के प्रयास, प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार द्वारा बनाई गई लाभकारी योजनाओं तथा किसान हितैषी नीतियों का सद्परिणाम है, जिसमें बेहतर बीज, आधुनिक तकनीकों का उपयोग और बाजार तक आसान पहुंच भी शामिल है।

उन्होंने बताया कि फल व सब्जियों के उत्पादन में खास प्रगति देखी गई है। फल उत्पादन में लगभग 5.12% (57.82 लाख टन) की वृद्धि होकर 1187.60 लाख टन पहुंचने की उम्मीद है, इसमें केला, आम, तरबूज, कटहल, मंदारिन, पपीता, अमरूद अहम योगदान देते हैं। सब्जियों का उत्पादन 4.09% (84.76 लाख टन) बढ़कर 2156.84 लाख टन होने का अनुमान है, विशेषकर प्याज उत्पादन गत वर्ष के 242.67 लाख टन से बढ़कर 307.89 लाख टन तक पहुंचने का अनुमान है, यानी 26.88% की वृद्धि।

### प्रधानमंत्री, राज्यपाल प्रो. घोष, मुख्यमंत्री सैनी ने महाभारत अनुभव केंद्र का किया अवलोकन

## प्रधानमंत्री मोदी ने गीता स्थली ज्योतिसर में पंचजन्य स्मारक का किया उद्घाटन



राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी ने गीता स्थली ज्योतिसर, कुरुक्षेत्र में मंगलवार को महाभारत अनुभव केन्द्र परिसर में भगवान श्री कृष्ण जी के पवित्र शंख पंचजन्य पर आधारित पंचजन्य स्मारक का उद्घाटन किया। साथ ही, प्रधानमंत्री ने अनुभव केंद्र का अवलोकन भी किया। इस मौके पर हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि महाभारत के युद्ध में भगवान श्री कृष्ण ने न्याय और धर्म के साथ खड़े होकर दिव्य पंचजन्य शंख से ही शंखनाद किया था। उन्नत वैदिक शैली के वैदिका पर स्थापित स्वर्णिम शंख पवित्रता, साहस और धर्म की विजय का प्रतीक है। यह पंचजन्य भारत के सनातन संदेश धर्म और दिव्य ज्ञान की याद दिलाता है। इस पर श्रीमद्भगवद् गीता के 18 श्लोक अंकित किए गए हैं।

**गुरु महाराज को श्रद्धासुमन अर्पित किए और शीश नवाया**

**गुरु साहिब वीरता, करुणा और धर्म रक्षा की जीवंत मिसाल**

**गीता की पावन धरा को नमन किया**



उद्घाटन उपरांत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष, मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी और पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने महाभारत अनुभव केंद्र का अवलोकन किया और गीता की पावन धरा को नमन किया। उन्होंने महाभारत अनुभव केंद्र में स्वागत कक्ष, महाकाव्य का सृजन कक्ष, प्राचीन महाभारत, कुरु वंशावली, द्रोपदी स्वयंवर, भगवान श्री कृष्ण का विराट स्वरूप, गीता श्लोक, कृष्ण भूमिका, कुरुक्षेत्र 48 कोस, दशव अवतार सहित अन्य कक्षों का भी अवलोकन किया।

### पीएम ने मानवता की रक्षा के सर्वोच्च त्याग को किया नमन

इस दौरान मंच पर गुरबाणी का भावपूर्ण आयोजन किया गया, जिसमें रागियों ने गुरु तेग बहादुर जी के जीवन, त्याग और बलिदान को समर्पित शबदों का सुंदर कीर्तन प्रस्तुत किया। इस पीएम ने गुरु तेग बहादुर के अद्वितीय बलिदान और मानवता की रक्षा के लिए दिए गए सर्वोच्च त्याग को नमन किया।

### गुरु तेग बहादुर की प्रदर्शनी का किया अवलोकन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नौवें सिख गुरु, गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित विशेष कार्यक्रम में भाग लिया। गुरु तेग बहादुर की बहादुरी को समर्पित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान सीएम सैनी उनके साथ मौजूद रहे।

### युवाओं में नशे की लत चिंतनीय

पीएम ने युवाओं के बीच बढ़ती नशे की लत को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा, नशा केवल व्यक्ति को नहीं, पूरे परिवार और समाज को खोखला कर रहा है। इस समस्या का समाधान समाज के सामूहिक संकल्प से ही संभव है। पूरा समाज संकल्प ले।

### ऑपरेशन सिंदूर का भी किया जिक्र

प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर का भी उल्लेख किया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारत शांति का पुजारी है, हम किसी से बैर नहीं रखते, लेकिन यदि कोई हमारी तरफ बुरी नजर डाले, हमारी संप्रभुता को चुनौती देतो हम मुंहतोड़ जवाब देना जानते हैं।

### गुरु परंपराओं के पवित्र स्थलों को पहचान दिलाने का मिला मौका

पीएम मोदी ने कहा हमारी सरकार को सौभाग्य प्राप्त हुआ। हमने पवित्र स्थलों को वैश्विक पहचान दिलाने और उन्हें सम्मान देने का अवसर मिला। मैं स्वयं को गर्व के साथ गुरु परंपराओं का एक छोटा सा हिस्सा मानता हूं।

### मुगल शासकों ने मानवता पर कलंक छोड़ा

*मुगल शासकों ने गुरु परिवार के साथ जो क्रूरता की, उसकी कोई मिसाल नहीं मिलती। चार साहिबजादों – जोरावर सिंह और फतेह सिंह जैसे नन्हें बालकों को जीवित दीवार में चिनवा दिया गया था। यह मानवता पर कलंक था। इन वीर साहिबजादों की शहादत को याद रखने के लिए हमने 26 दिसंबर को पूरे देश में "वीर बाल दिवस" के रूप में मनाने का निर्णय लिया।*

### वन कटान से होने वाले पर्यावरण नुकसान से किया खबरदार

## जयराम रमेश का दावा: वनों की कटाई का विरोध कर रहे आदिवासी नेता रामू टेकाम को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

मध्य प्रदेश के धीरौली क्षेत्र में प्रस्तावित कोयला खदान परियोजना को लेकर विवाद एक बार फिर गहरा गया है। ग्रामीणों, पर्यावरण कार्यकर्ताओं और राजनीतिक दलों की आपत्तियों के बीच अब बड़े पैमाने पर जंगल कटाई शुरू होने का दावा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर की है। उन्होंने बताया कि पेड़ों की कटाई रोकने गए मध्य प्रदेश आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष रामू टेकाम को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित निजी कंपनी के हितों की रक्षा कर रही मप्र सरकार विरोध की हर आवाज़ को दबाने की कोशिश कर रही है।

उल्लेखनीय है राज्य और केंद्र सरकारों से पहले भी शिकायतें उठाई जा चुकी थीं कि कंपनी ने पर्यावरणीय मंजूरी और वन अनुमति से जुड़े प्रक्रियागत नियमों को दरकिनार करते हुए कोयला खदान के लिए जंगल क्षेत्र को साफ करने की तैयारी की है। कांग्रेस नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री जयराम रमेश ने भी इस मामले को कई बार उठाया है और अब उन्होंने ताज़ा घटनाक्रम को 'गंभीर पर्यावरणीय अपराध' बताया है। जयराम ने बताया,



ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि प्रशासन ने जंगल क्षेत्र की ओर जाने वाले रास्तों पर पुलिस बल तैनात कर दिया है और स्थानीय निवासियों को जंगल क्षेत्र के पास आने से रोका जा रहा है। बाहरी लोगों का प्रवेश पूरी तरह बंद कर दिया गया है। कटाई स्थल को एक तरह से 'सील' कर दिया गया है। ग्रामीणों के अनुसार यह सब कुछ बिना किसी सार्वजनिक सूचना या ग्रामसभा की अनुमति के किया

विदित हो कि धीरौली और आसपास के क्षेत्रों में आदिवासी जनजातियाँ अपनी आजीविका के लिए जंगलों की लकड़ी, औषधीय पौधे, खाद्य सामग्री, छोटे वन उत्पादों पर निर्भर हैं। कोयला खदान परियोजना के कारण इन समुदायों के जीवन, आजीविका और सांस्कृतिक अस्तित्व पर बड़ा खतरा उत्पन्न हो गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि बड़े पैमाने पर जंगल कटान से स्थानीय पर्यावरण, जल स्रोत और जैव-विविधता को भी गंभीर नुकसान होगा।

## कांग्रेस का आरोप : गुजरात में हो रही है 'नशे' की तस्करी, राज्य सरकार मूकदर्शक

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

कांग्रेस पार्टी ने आरोप लगाया है कि गुजरात में भाजपा सरकार के संरक्षण में बड़े पैमाने पर ड्रग्स और शराब की तस्करी हो रही है। इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए कांग्रेस सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई ने कागजातों के साथ खुलासा किया कि गुजरात में चार साल के दौरान करीब 16,000 करोड़ कीमत की ड्रग्स पकड़ी गई, लेकिन इन मामलों में कोई भी दोषी नहीं पाया गया है। गुजरात में ज्यादातर ड्रग्स अडानी के मुंद्रा पोर्ट से जब्त होती है, लेकिन ड्रग्स को भेजने वाले के बारे में कोई जानकारी सार्वजनिक नहीं होती और कोई कार्रवाई भी नहीं होती। देसाई ने यह भी कहा कि गुजरात में बड़े पैमाने पर शराब की तस्करी चल रही है, जबकि वहां शराबबंदी लागू है। उन्होंने कहा कि राजस्थान और महाराष्ट्र से भारी मात्रा में शराब की तस्करी की जा रही है। उन्होंने इस बात का भी जिक्र किया कि गुजरात के सरकारी आंकड़ों के अनुसार, करीब 17.35 लाख युवा नशे के चुंगल में फंसे हैं। स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के बगल में स्थित शराब और ड्रग्स के ये अवैध अड्डे चिंता का विषय हैं।

उन्होंने बताया कि तीन दिन पहले कांग्रेस विधायक जिग्नेश मेवाणी और स्थानीय जनता ने स्कूल के बगल में चल रहे ड्रग्स के अड्डे पर छापेमारी की थी। लेकिन गुजरात के उपमुख्यमंत्री, जो कि गृह मंत्री भी हैं, उन्होंने पुलिस को पूरा समर्थन देते हुए कहा कि उनके रहते पुलिस को चिंता करने की बिल्कुल जरूरत नहीं है। देसाई ने कहा कि उपमुख्यमंत्री की भूमिका शराब और ड्रग्स के अवैध अड्डों को बंद करवाने और दोषी पुलिसकर्मियों को निलंबित करने की होनी चाहिए, लेकिन उन्होंने पुलिस को अवैध कारोबार करने वालों को संरक्षण देने के लिए प्रोत्साहित किया। उपमुख्यमंत्री ने पूरे गुजरात की पुलिस को संदेश दिया कि वह कांग्रेस की जनआक्रोश यात्रा के खिलाफ आंदोलन करे।

देसाई ने शासन- प्रशासन की नशा तस्करों के साथ मिलीभगत का पर्दाफाश करते हुए बताया कि गुजरात में हर महीने 3500 करोड़ रुपए का अवैध धंधा चलता है। शराब तस्करी के लिए बड़ी गाड़ियों का लाखों का हफ्ता फिक्स है। जब गाड़ी का मालिक एक जगह पर रिश्वत देता है, तो उसे एक टोकन दिया जाता है, जिससे वह अपना वाहन बाकी जगहों पर भी बिना रोक-टोक ले जा पाता है। देसाई ने यह भी बताया कि पुलिस की सक्रियता दिखाने के लिए 100 ट्रकों में से पांच ट्रकों को पकड़वा दिया जाता है, जबकि 95 ट्रक धड़ल्ले से शराब लेकर घूमते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि केवल बनासकांठा जिले से पुलिस को 45 लाख रुपए की हफ्ता वसूली होती है।

### छग के सीएम साय रेलमंत्री से मिले



नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य में रेल सुविधाओं के विस्तार, नए रेल प्रोजेक्ट्स के संचालन और चल रहे कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

## एसआईआर में नोटिस देने से पहले चुनाव आयोग भी खंगालेगा पुराने रिकॉर्ड

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में जिन मतदाताओं के न तो खुद और न ही उनके माता-पिता या दादा-दादी के नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची में मिलेंगे उनका ब्योरा एक अलग रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा। चुनाव आयोग इन्हें नोटिस देने से पहले एक बार फिर वर्ष 2003 की मतदाता सूची में इनका या इनके परिवार का नाम खोजने की कोशिश करेगा। कम से कम नोटिस जारी हों इसके लिए चुनाव आयोग कवायद कर रहा है।

वर्ष 2027 के विधान सभा चुनाव से पहले मतदाता सूची को पूरी तरह अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने के लिए चल रही एसआईआर की प्रक्रिया बेहद महत्वपूर्ण है। अभियान के तहत चुनाव आयोग ने मतदाताओं को तीन श्रेणियों में बांटकर सत्यापन प्रक्रिया अधिक स्पष्ट बना रहा है।

पहली श्रेणी में वे मतदाता शामिल किए गए हैं जिनके नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची में पहले से दर्ज हैं। इनका रिकार्ड उपलब्ध होने के कारण इनका सत्यापन सबसे सरल है। इन्हें कोई भी प्रमाण पत्र नहीं देना होगा।

दूसरी श्रेणी उन लोगों की है जिनके अपने नाम तो 2003 की सूची में नहीं हैं, लेकिन उनके माता-पिता या दादा-दादी के नाम सूची में मौजूद हैं। ऐसे मामलों में परिवार के पुराने रिकार्ड के आधार पर सत्यापन हो जाएगा। इस श्रेणी के भी मतदाताओं को कोई भी प्रमाण पत्र नहीं देना होगा।

'तीसरी श्रेणी के मतदाता जिनके न तो स्वयं के नाम और न ही उनके माता-पिता या दादा-दादी के नाम 2003 की मतदाता सूची में मिलते हैं। चुनाव आयोग तीसरी श्रेणी में शामिल मतदाताओं को नोटिस जारी करने से पहले एक बार फिर वर्ष 2003 की सूची में उनके या उनके परिवार के नाम खोजने की कोशिश करेगा।

## नगर निगम निजी हाथों में देगा 71 पिंक टॉयलेट का संचालन

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ। पिंक टॉयलेट का संचालन करने से विफल रहा नगर निगम अब निजी एजेंसियों की मदद लेगा। बंद चल रहे हैं या फिर बदहाली का शिकार बने पिंक टॉयलेट के संचालन निजी हाथों में दिए जाने का खाका नगर निगम ने तैयार कर लिया है। नगर निगम संचालन पर कोई शुल्क नहीं खर्च करेगा, बल्कि एजेंसी के लोगों को ही खर्च उठाना पड़ेगा। एजेंसी को आय करने के लिए पिंक टॉयलेट के बगल में बनी दुकान का संचालन करने के साथ ही विज्ञापन प्रदर्शित कर उसका शुल्क वसूलने का अधिकार दिया जाएगा।

नगर आयुक्त गौरव कुमार का कहना है कि नगर निगम या फिर जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) की तरफ से पिंक टॉयलेट का संचालन का ठीक से नहीं किया जा रहा है, जिस कारण पिंक टॉयलेट बंद हैं फिर वहां सुविधाओं का अभाव है। इसलिए जल्द ही टेंडर के माध्यम से निजी संस्थाओं को संचालन का जिम्मा दिया जाएगा। उन्होंने पिंक टॉयलेट के बगल में बनी दुकानों का संचालन और विज्ञापन प्रदर्शन कर आय करने का अधिकार दिया जाएगा। नगर निगम किसी तरह का कोई खर्च नहीं करेगा।

### दो साल से बदहाली के दौर से गुजर रहे पिंक टॉयलेट

नगर निगम में पिंक टॉयलेट के संचालन की जिम्मेदारी संभालने वाले अधिकारियों की लापरवाही से हाल बद से बदतर होते जा रहे हैं। 71 पिंक टॉयलेट बने हैं, जिसमे से कुछ ही संचालित हो रहे हैं, जबकि अधिकांश पर ताला लटक रहा है।

## लखनऊ में पुलिस ने डायवर्जन किया लागू

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। बाराबिरवा (अवध) चौराहा पर अंडरपास निर्माण कार्य के दौरान पानी की पाइप लाइन सोमवार शाम को फट गई थी, जिसके कारण घंटों वाहन चालकों ने ट्रैफिक जाम झेला। इससे सबक लेते हुए ट्रैफिक पुलिस ने मंगलवार को डायवर्जन जारी किया। ट्रैफिक पुलिस की तरफ से बताया कि काम चलने तक डायवर्जन लागू किया जा रहा। सही होने पर हटाया जाएगा। इस दौरान ट्रैफिस से समस्या आने पर कंट्रोल नंबर 9454405155 पर संपर्क किया जा सकते है।

### यह व्यवस्था की जाएगी लागू:

-पारा से अवध चौराहा व आलमबाग की तरफ नहीं जा सकेंगे, बल्कि तिकोनिया तिराहा से होकर जा सकेंगे।

-कानपुर से आलमबाग की तरफ नहीं जा सकेंगे, बल्कि शहीद पथ तिराहा होकर जा सकेंगे।

-कानपुर से भारी वाहनों को दरोगा खेड़ा से किसान पथ की तरफ डायवर्ट किया जाएगा।

## मरम्मत कार्य के चलते शुक्रवार तक बंद रहेगा महमूदनगर रेलवे फाटक

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। उत्तर रेलवे के मंडल प्रबंधक कार्यालय द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार मलिहाबाद थाना क्षेत्र के महमूद नगर रेलवे फाटक संख्या 231/बी, जो महमूदनगर रोड से लखनऊझहरदोई रोड को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग पर स्थित है, आगामी तीन दिनों के लिए बंद रहेगा। रेलवे विभाग ने बताया कि इस समपार पर आवश्यक मरम्मत कार्य निर्धारित किया गया है, जिसके चलते 26 नवंबर बुधवार सुबह 8 बजे से 28 नवंबर शुक्रवार शाम 6 बजे तक सड़क यातायात पूरी तरह प्रभावित रहेगा।

इस संबंध में रेलवे प्रशासन ने उपजिलाधिकारी मलिहाबाद को औपचारिक सूचना भेज दी है, ताकि वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। अधिकारियों ने बताया कि बंद अवधि के दौरान छोटे तथा हल्के वाहन महमूद नगर की ओर से आने पर मुजासा रोड की तरफ मोड़े जाएंगे। वहां से लखनऊझहरदोई रोड पर स्थित समपार संख्या 232/सी के माध्यम से यातायात आगे भेजा जाएगा। भारी वाहनों के लिए प्रतिबंध रहेगा और उन्हें मलिहाबाद अमानीगंज रेलवे फाटक का उपयोग करने की सलाह दी गई है।

रेलवे क्रॉसिंग 231/बी के तीन दिन बंद रहने से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों सहित लखनऊझहरदोई मार्ग पर आवागमन करने वाले लोगों को काफी असुविधा झेलनी पड़ेगी। स्थानीय निवासियों और दैनिक यात्रियों का कहना है कि कामकाजी लोगों, छात्रों और आपूर्ति वाहनों की आवाजाही पर इसका सीधा असर पड़ेगा। हालांकि रेलवे प्रशासन का कहना है कि मरम्मत पूर्ण होने के बाद फाटक का संचालन अधिक सुचारु व सुरक्षित होगा।

## लखनऊ एयरपोर्ट पर एक दर्जन से अधिक विमान लेट, कोहरे की वजह से सेवाएं बाधित

लखनऊ। उत्तर भारत के कई शहरों में कोहरा पड़ने का असर लखनऊ की विमान सेवाओं पर भी पड़ने लगा है। मंगलवार को लखनऊ एयरपोर्ट पर एक दर्जन से अधिक विमान लेट लतीफी का शिकार हुईं। इन विमानों के यात्री एयरपोर्ट पर घंटों इंतजार करते रहे। सबसे अधिक दिक्कत जयपुर जाने वाली इंडिगो एयरलाइन के विमान के यात्रियों को हुई। विमान 6ई-7027 लखनऊ से शाम 7:30 बजे की जगह रात 10:55 बजे रवाना हो सका। यात्री एयरपोर्ट पर ही इंतजार करते रहे। सोमवार को भी यह विमान डेढ़ घंटे की देरी से रवाना हो सका था। इसी तरह चंडीगढ़ जाने वाला विमान 6ई-6552 समय से 45 मिनट, 6ई-118 लखनऊ-पुणे का विमान 50 मिनट, 6ई-5201 लखनऊ-मुंबई 1:15 घंटा, 6ई-6166 लखनऊ-हैदराबाद एक घंटा, 6ई-6615 लखनऊ-दिल्ली 1:45 घंटे की देरी से उड़ान भर सकी।


## विकसित यूपी के लिए 12 सेक्टर का फोकस एरिया तय, 15 दिनों में रोडमैप प्रस्तुत करने के निर्देश

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश-2047 विजन डाक्यूमेंट तैयार करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। 12 सेक्टर का फोकस एरिया तय करने के साथ ही अगले 15 दिनों के अंदर प्रत्येक सेक्टर का रोडमैप तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश नोडल विभागों को दिए गए हैं। सेक्टरों का रोडमैप तैयार हो जाने के बाद नियोजन विभाग व नीति आयोग के अधिकारियों के साथ ही संस्था डिलाइट के प्रतिनिधि विकसित उत्तर प्रदेश-2047 की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करेंगे। नियोजन विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार के मुताबिक फोकस एरिया पर अब सेक्टरों के लिए तय नोडल विभाग के साथ बैठकें की जा रही हैं। इन बैठकों के साथ ही अगले 15 दिन में विभागों से सेक्टर का रोडमैप प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। कई विभागों के साथ बैठकें हो चुकी हैं। गौरतलब है कि तीन थीम अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति तथा जीवन शक्ति को केंद्र में रखते हुए विजन डाक्यूमेंट तैयार किया जाएगा। इसके लिए जिन 12 सेक्टर का चयन किया गया है जिनमें कृषि एवं संबद्ध सेक्टर, पशुधन संरक्षण सेक्टर, औद्योगिक विकास सेक्टर, आइटी एवं इमर्जिंग टेक्नालाजी सेक्टर, पर्यटन सेक्टर, नगर एवं ग्राम्य विकास सेक्टर, अवस्थापना सेक्टर, संतुलित विकास सेक्टर, समाज कल्याण सेक्टर, स्वास्थ्य सेक्टर, शिक्षा सेक्टर तथा सुरक्षा एवं सुशासन सेक्टर शामिल हैं। स्वतंत्रता के 100वें वर्ष 2047 में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को छह ट्रिलियन डालर का बनाने के लिए सरकार इन सेक्टरों के विकास का विस्तृत खाका तैयार करा रही है। जिसके आधार पर विकास की आगामी कार्ययोजनाएं बनाई जाएंगी। नए वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में भी इसकी झलक देखने को मिलेगी।

## यूपी में 15 दिसंबर से शुरू होगी अगले वर्ष के लिए बिजली दर तय करने की प्रक्रिया, उपभोक्ताओं को राहत की उम्मीद

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ। लगातार छठवें वर्ष बिजली की दरों में बढ़ोत्तरी न करने वाला विद्युत नियामक आयोग अगले वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बिजली की दरें तय करने की प्रक्रिया इस बार 15 दिसंबर से शुरू करेगा। आयोग ने बिजली कंपनियों को 30 नवंबर तक एआरआर (वार्षिक राजस्व आवश्यकता) संबंधी प्रस्ताव दाखिल करने की अनिवार्यता से राहत देते हुए 15 दिन की मोहलत दी है। संबंधित आदेश में आयोग ने स्पष्टतौर पर कहा है कि सही आंकड़ों के साथ टैरिफ प्रस्ताव दाखिल किया जाए। चूंकि अगले वर्ष पंचायत चुनाव और फिर वर्ष 2027 में विधानसभा चुनाव हैं इसलिए माना जा रहा है कि प्रदेशवासियों को राहत देने के लिए अगले वित्तीय वर्ष में भी बिजली की दरों में किसी तरह की बढ़ोतरी नहीं होगी। मल्टी ईयर टैरिफ रेगुलेशन के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026झ27 के लिए बिजली कंपनियों को एआरआर तथा वित्तीय वर्ष 2024झ25 का ट्रू-अप प्रस्ताव 30 नवंबर तक आयोग में दाखिल करना होता है। प्रस्ताव स्वीकारने की तिथि से 120 दिनों में नियामक आयोग को सुनवाई आदि की प्रक्रिया पूरी करते हुए दर संबंधी आदेश करना होता है ताकि नई दरों को वित्तीय वर्ष के पहले दिन एक अप्रैल से लागू किया जा सके। हालांकि, नई दरों के घोषित होने तक पुरानी दरें लागू रहने की पहले से व्यवस्था है। आयोग ने 15 दिन की मोहलत देते हुए कंपनियों से कहा है कि इस बार सही और प्रमाणिक आंकड़ों के आधार पर ही प्रस्ताव दाखिल किया जाए। उल्लेखनीय है कि चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में बिजली कंपनियों ने एक-दो नहीं बल्कि पांच बार अलग-अलग संशोधित प्रस्ताव आयोग में दाखिल किए थे जिसकी वजह से सुनवाई आदि की प्रक्रिया में काफी समय लगा और बिजली की दर संबंधी आदेश 22 नवंबर को हो सका। इस संबंध में विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा का कहना है कि बिजली कंपनियां जानबूझकर आकड़ें बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत किए जाते हैं। मौजूदा वित्तीय वर्ष के लिए पहले लगभग 24 हजार करोड़ रुपये का घाटा दिखाते हुए दाखिल एआरआर से बिजली दरों में 45 प्रतिशत तक वृद्धि प्रस्तावित की गई। सुनवाई के दौरान परिषद ने आयोग के समक्ष सही तथ्य रखे तो बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं का ही लगभग 18,000 करोड़ रुपये सरप्लस निकला। यही कारण रहा कि बिजली कंपनियों के चाहने पर भी बिजली की दरों में किसी तरह की बढ़ोतरी नहीं हो सकी। वर्मा ने सही आंकड़े दाखिल करने संबंधी आदेश का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि इस बार आयोग नई बिजली की दरें तय समय पर घोषित कर सकेगा।

## पौधारोपण में घपले पर हटाए गए मथुरा के एसडीओ और रेंजर

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। मथुरा जिले की मांट रेंज के तुलागढ़ी पौधारोपण स्थल में बड़ा घपला पकड़ में आया है। यहां कागजों में बड़ी संख्या में पौधारोपण दिखाया गया था, किंतु मौके पर वहां 20 प्रतिशत से भी कम पौधे लगे हुए मिले। पौधारोपण का यह घपला खुद वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने मंगलवार को पकड़ा। उन्होंने उप प्रभागीय वनाधिकारी (एसडीओ) मनीष कुमार और मांट रेंजर बुद्ध प्रिया गौतम को हटाकर मुख्यालय से संबद्ध करने के निर्देश दिए हैं।

मंत्री ने मंगलवार को तुलागढ़ी क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान पौधारोपण की वास्तविक स्थिति देखकर वे हतप्रभ रह गए और उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। मंत्री ने देखा कि यहां पांच हेक्टेयर क्षेत्रफल की पटरी में करीब 12,500 पौधे लगाने का दावा किया गया था, किंतु मौके पर उन्हें ढाई हजार से भी कम पौधे लगे हुए मिले। पौधारोपण स्थल पर मिली इस गंभीर अनियमितता को लापरवाही और कर्त्तव्यहीनता माना है। उन्होंने इस मामले की जांच के आदेश प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) वेंकट श्रीकर पटेल को दिया है। साथ ही, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं विभागाध्यक्ष सुनील चौधरी को एसडीओ मनीष कुमार और मांट रेंजर बुद्ध प्रिया गौतम को मुख्यालय से संबद्ध करने के निर्देश दिए हैं। वन मंत्री ने कहा कि पौधारोपण कार्य सरकार की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जांच में दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी चेतावनी दी कि फर्जी पौधारोपण, गलत रिपोर्टिंग या भ्रष्टाचार से जुड़े किसी भी मामले में तत्काल सख्त कदम उठाए जाएंगे। मंत्री के इस औचक निरीक्षण से विभागीय अधिकारियों में भी खलबली मची हुई है।

## ड्यूटी से घर लौट रहे युवक पर डंडों और लोहे की रॉड से हमला, हुआ लहूलुहान

**पीजीआई कोतवाली परिसर से 500 मीटर दूर पर हुई घटना**

**अमन लेखनी समाचार**

पीजीआई। पीजीआई कोतवाली से मात्र 500 मीटर दूर, आधा दर्जन दबंगों ने ड्यूटी से घर लौट रहे कार सवार युवक के रास्ता मांगने पर अभद्रता की विरोध करने पर डंडों और लोहे की रॉड से मारपीट कर लहूलुहान कर दिया, और जान से मारने की धमकीं देते हुए भाग निकले, पीड़ित ने एक नामजद और अन्य अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। अभिषेक यादव, हरिकंश गढ़ी, मोहनलाल गंज, लखनऊ में परिवार संग रहते हैं। अभिषेक के मुताबिक वह सोमवार रात लगभग 12:00 बजे, अपनी डयूटी समाप्त करके अपनी कार से घर जा रहे थे। अभी वह लड्डू गोपाल रेस्टोरेंट, पीजीआई अस्पताल गेट के सामने मेडिकल स्टोर वाली लाइन से गुजर रहा था, वहीं बीच रास्ते में गाड़ी खड़ी करके कुछ लड़के शराब के नशे में धुत हुड़दंडग कर रहे थे, उनकी बाइक रास्ते में खड़ी थीं। उनको आवाज लगाकर रास्ता मांगा और विनम्रता से बाइक थोड़ा साइड करने के लिए कहा, इस पर वह लोग भड़क गए, और गाली गलौच करने लगे। विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी। लाठी और डंडों से मारते रहे। मारपीट के दौरान अभिषेक का सिर फट गया, सिर से तेज खून बहने लगा, पीड़ित नीचे गिर पड़ा। पीड़ित ने बताया कि हमलावरों में एक व्यक्ति सुमित, पुत्र मंटू, निवासी पंचमखेड़ा, पीजीआई है। अन्य लोगों को पीड़ित नहीं पहचानता। इंस्पेक्टर पीजीआई धीरेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियो की तलाश की जा रही है।

## आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत युवा सम्मेलन संपन्न

**अमन लेखनी समाचार**




लखनऊ। काकोरी के खुशहालगंज मंडल में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के क्रम में मंडल स्तरीय युवा सम्मेलन उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के प्रदेश मंत्री शिवेन्द्र विक्रम शाही ने उपस्थित होकर युवाओं और कार्यकताओं का उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा संचालित आत्मनिर्भर भारत के संकल्प, युवाओं की भूमिका और संगठनात्मक मजबूती पर विशेष जोर दिया।

सम्मेलन की अध्यक्षता खुशहालगंज युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान ने की। इस अवसर पर खुशहालगंज भाजपा मंडल अध्यक्ष शिव बक्स सिंह चौहान, मंडल महामंत्री नवीन तिवारी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान, भाजयुमो जिला महामंत्री शुभम पाल, कॉलेज प्रबंधक गोमती यादव, पृथ्वी फाउंडेशन के अध्यक्ष मनीष प्रताप सिंह, बूथ अध्यक्ष हरिशरण सिंह एवं विजय द्विवेदी, ग्राम प्रधान शिव कुमार यादव, भाजपा युवा नेता अजय यादव पिंटू राजपूत सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, सामाजिक सहभागिता तथा युवा सशक्तिकरण पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने युवाओं से सामाजिक व राजनीतिक जिम्मेदारियों को निभाते हुए देश को आत्मनिर्भर बनाने में सक्रिय योगदान देने की अपील की। सम्मेलन के सफल आयोजन में सभी कार्यकताओं का सराहनीय सहयोग रहा।

## शादी समारोह से लौट रहे बाइक सवार की सड़क हादसे में मौत

**भाई का इंतजार करती बहनें, घर पहुंचा सिर्फ शव**

**मौत की रफ्तार ने लूट ली खुशियां, नेवादा गांव सन्नाटे में डूबा**

**अमन लेखनी समाचार/रुद्र प्रताप सिंह**



मृतक राजा फाइल – फोटो

लखनऊ। एक शादी की खुशियां... परिवार के चेहरों पर खिलखिलाती मुस्कान... और उसी खुशी से लौटते हुए अचानक सड़क पर पसरा भयावह सन्नाटा। मंगलवार तड़के हुई एक दर्दनाक दुर्घटना ने नेवादा गांव के एक पूरे परिवार की दुनिया उजाड़ दी। बाइक से घर लौट रहे 25 वर्षीय राजा उर्फ सुमित की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौके पर ही मौत हो गई। कुछ ही सेकंड में एक घर का उजाला हमेशा के लिए बुझ गया।

हरदोई जनपद के अतरौली क्षेत्र के इस साधारण-से परिवार में राजा सबका दुलारा था। घर में उसकी हंसी गूंजती थी, बहनें उससे लाड़ करती थीं, भाई उसके साथ भविष्य के सपने बुनते थे। लेकिन तड़के जब वह माल थाना क्षेत्र के वीरपुर गांव के पास पहुंचा, तभी तेज रफ्तार मौत बनकर आई और देखते ही देखते उसकी जिंदगी छीन ले गई। सड़क किनारे पड़ा उसका निर्जीव शरीर किसी अनकहे दर्द की कहानी सुना रहा था।

राहगीरों ने जब पुलिस को सूचना दी, तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

जैसे ही खबर गांव पहुंची—राजा के घर से ऐसी चीखें उठीं कि सुनने वालों का दिल कांप उठा।

मां बेहोश होकर गिर पड़ीं।

भाई—अमित, ललित, बऊवा, अंकित—अपने भाई के शव से लिपटकर फफक पड़े।

दोनों बहनें—संगम और गंगा—भाई का नाम पुकारते हुए रोती रहीं, मानो अभी उठकर जवाब दे देगा।

गांव में हर आंख नम है; हर कोई यही कह रहा है—'इतना अच्छा लड़का' इतनी कम उम्र में' किसकी नजर लग गई!'

माल इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि उस वाहन और चालक का पता लगाया जा सके जिसने एक परिवार की खुशियां छीन लीं।

## बच्चों को स्कूल के सामने बाइक से उतार रहे युवक को, कार ने मारी टक्टर, विरोध पर की मारपीट, सिर फोड़ा

**अमन लेखनी समाचार**

पीजीआई। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के सरथुआ निवासी बच्चों को बाइक से छोड़ने स्कूल गया था, अभी वह बाइक रोककर बच्चे को नीचे उतार रहा था कि तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी, बच्चों को संभालने के बाद चालक से विरोध जताया तो आरोप है कि आरोपी ने अपने अन्य साथियों को बुलाकर जमकर पीटा, बीच बचाव करने आए पीड़ित के भाई का सिर फोड़ दिया। पीड़ित की पत्नी की नामजद तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक प्रीती देवी पत्नी उमेश कुमार, ग्राम सरथुवा, नरपतगंज, थाना पीजीआई लखनऊ में परिवार संग रहती हैं। प्रीती देवी ने बताया कि बीते सोमवार सुबह लगभग 8.30 बजे उनके पति उमेश कुमार अपने बच्चो को बाइक से स्कूल छोड़ने गए थे। स्कूल के सामने बच्चे तेजस को उतार रहे थे। इसी बीच कार डिजायर गाडी जिसका नंबर- यूपी 32 एनजेड 3076 है के चालक निकेश ने पीछे से प्रार्थिनी के पति की मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बेटा तेजस बाल बाल बच गया। बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। कार चालक निकेश ने उमेश कुमार से अभद्रता करने लगा। फोन से अपने चाचा रामजीत व पिता पवन कुमार, और अपने बहनोई को बुला लिया, वह तीनों अपने हाथ में लोहे की राड व डण्डो से लैस होकर आए, उमेश कुमार को मारने पीटने लगे, मारपीट की सूचना पर छोटा भाई ब्रजेश, और निहाल आकर बीच-बचाव करने लगे, इनको भी लाठी से बुरी तरह पीटा गया। जिससे ब्रजेश का सिर फट गया। और सिर से खून बहने लगा, जिससे शरीर से काफी खून बह गया। पीड़िता का कहना है कि विपक्षीदल दबंग किस्म के व्यक्ति है। जान से मारने की धमकी दे रहे है। पीड़िता ने कठोर कार्रवाई की गुहार लगाई है। इंस्पेक्टर पीजीआई धीरेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

## घर में घुसकर महिला के साथ दुराचार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**



सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में बीते रविवार को घर में घुसकर महिला के साथ दुराचार की घटना अंजाम देने वाले आरोपी को बंथरा पुलिस ने मंगलवार को थाना क्षेत्र से धर दबोचा। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है। बताते चलें कि बीते रविवार को बंथरा क्षेत्र में रहने वाला मजदूर अपने काम पर चला गया था। जबकि उसकी 40 वर्षीया पत्नी और 12 वर्षीय बेटा घर पर थे। तभी दोपहर बाद करीब 3 बजे नशे की हालत में उसके गांव में रहने वाला प्रदीप अचानक उसके घर में घुस गया और उसकी पत्नी को डरा धमका कर उसके साथ दुराचार की घटना अंजाम दी थी। महिला के विरोध और शोर मचाने पर पीड़िता के बेटे ने पड़ोसियों को जाकर बताया। जब पड़ोसी पहुंचे तो आरोपी उनसे हाथापाई कर पीड़िता को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला था। इस मामले में पीड़ित महिला के पति ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही थी। तभी आरोपी प्रदीप मंगलवार को बंथरा थाना क्षेत्र में अंबेडकर नगर मोड़ के पास पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है।

## चोरों ने पुलिस हेड कांस्टेबल के बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों के गहने किया पार

**अमन लेखनी समाचार**



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में बीते दिनों एक पुलिस हेड कांस्टेबल के बंद मकान का ताला तोड़कर चोरों ने करीब 25 लाख रुपए कीमत के गहने चोरी कर लिए। जानकारी होने के बाद पीड़ित ने इसकी सूचना सरोजनी नगर थाने में दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों के सहारे चोरों की तलाश शुरू कर दी है। मूल रूप से प्रतापगढ़ जिले के कोतवाली देहात थाना अंतर्गत सराय आना देव निवासी कृष्ण प्रताप सिंह सरोजनी नगर के अमौसी स्थित गंगानगर में मकान बनाकर परिवार सहित रहते हैं। कृष्ण प्रताप सिंह वर्तमान में पुलिस हेड कांस्टेबल के पद पर अयोध्या में तैनात है। कृष्ण प्रताप सिंह की पत्नी पूनम सिंह के मुताबिक बीती 22 नवंबर को शाम करीब 5 बजे वह पूरे परिवार सहित अपने मूल गांव गई थी। 24 नवंबर सोमवार को जब वह वापस अपने गंगानगर स्थित घर पहुंची तो मकान का ताला टूटा मिला। इस पर उन्होंने सरोजनी नगर पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस की मौजूदगी में जब जांच की गई तो घर के अंदर कमरे में रखी अलमारी और लाकर टूटे मिले। पूनम का कहना है कि अलमारी व लाकर में रखे एक सोने का हार, चार सोने के कंगन, तीन सोने की लेडीज अंगूठी, दो जेंट्स अंगूठी, दो सोने की चेन, दो मंगलसूत्र, एक जोड़ी सुई धागा, एक जोड़ी झाला, एक जोड़ी झुमका, एक जोड़ी बाला, एक नथिया, एक मांग बेंदी, दो नाक की कील, चांदी की पाजेब, नौ जोड़ी पायल चांदी के, 10 जोड़ी चांदी की बिछिया, 10 चांदी के सिक्के सहित करीब 25 लाख रुपए कीमत के गहने चोर उठा ले गए। फिलहाल पीड़िता पूनम सिंह की तहरीर पर सरोजनी नगर पुलिस मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के सहारे चोरों का सुराग लगाने में जुट गई है।

# सेवा और समर्पण को मिला राष्ट्रीय मंच पर बड़ा दर्जा

अमन लेखनी समाचार

मौरांवा, उन्नाव। मोहनलालगंज से एक प्रेरणादायक और गर्व से भर देने वाली खबर सामने आई है। मौरावांझ्रउन्नावझ्ररायबरेली रोड निकट स्टेट बैंक सिग्मा हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर के ऑनर और हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. सिद्धार्थ पटेल को प्रतिष्ठित ह्लआइकॉन ऑफ हेल्थ 2025ह्व अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान द टाइम्स ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित भव्य समारोह में उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने प्रदान किया।यह उपलब्धि सिर्फ एक पुरस्कार नहीं, बल्कि वर्षों से मरीजों के जीवन में उम्मीद, राहत और स्वास्थ्य लौटाने वाले एक डॉक्टर के निस्वार्थ समर्पण का सम्मान है। मोहनलालगंज और आसपास के क्षेत्रों में अपनी सेवा, सरल व्यवहार और अत्याधुनिक चिकित्सकीय तकनीक के लिए प्रसिद्ध डॉ. पटेल ने हड्डी रोग व



जोड़ समस्याओं के उपचार में नई मिसाल कायम की है। 247 सेवा को तत्पर यह चिकित्सक मरीजों के लिए सिर्फ डॉक्टर नहीं, बल्कि भरोसे का दूसरा नाम बने हुए हैं।सम्मान की खबर मिलते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। मोहनलालगंज ही नहीं उन्नावझ्ररायबरेलीझ्रलखनऊ तक से बधाइयों का सिलसिला शुरू हो गया। फोन कॉल, संदेश और व्हाट्सएप स्टेटस पर लोगों ने गर्व के साथ डॉ. पटेल के योगदान को सलाम किया। स्थानीय लोगों का कहना है–ह्लडॉ. सिद्धार्थ पटेल ने हमारे क्षेत्र को वह पहचान दिलाई है, जिसका वर्षों से इंतजार था।ह्वसिग्मा हॉस्पिटल में रोजाना सैकड़ों मरीजों का उपचार करते हुए डॉ. पटेल ने यह साबित किया है कि मेडिकल सेवा केवल पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।आज मोहनलालगंज को जो सम्मान मिला है, वह सिर्फ डॉ. पटेल का नहीं–

बल्कि उन सभी लोगों की उम्मीदों, आशीर्वाद और विश्वास का परिणाम है, जो हर दिन उनके पास इलाज से ज्यादा भरोसा लेकर आते हैं।आइकॉन ऑफ हेल्थ 2025 सम्मान ने यह साबित कर दिया है कि समर्पण, संवेदनशीलता और उत्कृष्ट सेवा को कभी अनदेखा नहीं किया जा सकता।

# गैस सिलेंडर फटा खाना बना रही महिला की मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।एलपीजी सिलेंडर ब्लास्ट से एक महिला की मौत हो गई। वह चूल्हे पर खाना बना रही थी। ब्लास्ट होते ही वह 5 फीट दूर जा गिरी। आग की लपटों से वह बुरी तरह झुलस गई। तेज धमाके से पूरी बिल्डिंग हिल गई। आग ने पूरी रसोई को चपेट में ले ली। मदद के लिए लोग दौड़े लेकिन आग की लपटें मेन गेट तक पहुंच चुकी थी। किसी तरह लोगों ने महिला को निकाला और कंबल डालकर आग बुझाई। उसे निजी अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टर्स ने उसे कानपुर रेफर कर दिया। लेकिन आधे घंटे में ही उसने दम तोड़ दिया। घटना मंगलवार सुबह की जिला मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूर गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बिंदानगर मोहल्ले की है। उधर, आग की सूचना के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया।45:00

गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गांधीनगर के सुभाष गुप्ता, पत्नी खुशबू (37) और बेटी शगुन (16) के साथ किराए पर दो मंजिला मकान में रहते है। घर से कुछ दूरी पर गुप्ता जनरल स्टोर



नाम से उनकी किराने की दुकान है। मंगलवार सुबह वह अपनी दुकान के लिए निकल गए और बेटी शगुन स्कूल चली गई थी। घर पर पत्नी खुशबू अकेली थी। वह रसोई में खाना बना रही थी। करीब 8 बजे खाना बनाते समय अचानक से रसोई गैस खत्म हो गया। इसके बाद उन्होंने घर पर रखा दूसरा सिलेंडर लगाया और खाना बनाने लगी। इसी दौरान अचानक से सिलेंडर में आग लगी और देखते ही देखते वह ब्लास्ट हो गया। चूल्हे के पास खड़ी खुशबू दूर जा गिरी। पूरा शरीर आग का गोला बन चुका था।

तेज धमाके की वजह से पूरी बिल्डिंग हिल गई। पूरी रसोई धू-धू कर जलने लगी। देखते ही देखते आग की लपटें बिल्डिंग में फैल गई। उधर, धमाका सुनने के बाद लोग घरों से निकले। दौड़े हुए पहुंचे लेकिन आग की लपटें गेट तक पहुंच चुकी थी।दो साल से किराए के मकान में रह रहे थे

पड़ोसियों ने अनुसार, खुशबू के पति सुभाष नगर पालिका कार्यालय के पास किराने की दुकान चलाते हैं। वह पहले ऋषि नगर में किराए पर रहते थे। दो साल पहले इस मकान में आकर रहने लगे थे। प्राइवेट जॉब करती थी खुशबू पति सुभाष ने बताया- खुशबू कानपुर के श्याम नगर के प्राइवेट ऑफिस में जॉब करती थी। मेरे दुकान जाने व बेटी को स्कूल भेजने के बाद ड्यूटी के लिए निकलती थी। वह ऑफिस जाने के लिए टिफिन तैयार कर रही थी।सिलेंडर लीक होने की आशंका फायर विभाग के अधिकारियों का कहना है- जांच के दौरान मकान में कोई विस्फोटक पदार्थ नहीं मिला है। एक जला हुआ एलपीजी घरेलू सिलेंडर बरामद हुआ है, जिसकी बॉडी टूटी हुई थी। संभवतः इसी सिलेंडर के लीकेज होने के कारण ब्लास्ट हुआ।

## संक्षेप

### ट्रक में पीछे से घुसी स्कूटी महिला व युवक घायल

उन्नाव। राजमार्ग पर ट्रक के अचानक ब्रेक लगाने से एक स्कूटी पीछे से भिड़ गई। जिससे स्कूटी सवार युवक व महिला गंभीर रूप से घायल हो गये। राहगीरों ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सदर कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास निवासी युवराज 18 पुत्र अनिल कुमार और कल्याणी मोहल्ला निवासी रागिनी अवस्थी 30 पत्नी ओमकार अवस्थी कस्बे स्थित एक एकेडमी से खेलकूद प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे हैं। मंगलवार दोपहर वह दोनों एक स्कूटी से वापस जा रहे थे। लखनऊ कानपुर राजमार्ग पर अजगैन बाजार मोड़ के पास ओवरटेक करने के दौरान डंपर के अचानक ब्रेक लगाने से स्कूटी पीछे से डंपर में भिड़ गई। जिससे स्कूटी सवार महिला और युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें नवाबगंज सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने रागिनी को गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### भूमि विवाद को लेकर पड़ोसी ने पड़ोसी को पीटा

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के गांव कैलाश खेड़ा गौरा निवासी सुमन पत्नी विनोद कुमार ने थाने में तहरीर देकर जमीन के विवाद को लेकर पड़ोसियों द्वारा मारपीट किए जाने का आरोप लगाया है। सुमन ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसके पड़ोसी उसकी जमीन पर जबरदस्ती कब्जा कर जानवर बांध रहे हैं जबकि जमीन का मुकदमा दीवानी न्यायालय में विचाराधीन है । मुकदमा न्यायालय ।में विचाराधीन होने के बावजूद भी एक माह पूर्व पड़ोसियों ने जबरदस्ती कब्जा कर लिया। सोमवार को हरीराम पुत्र बहादुर, संदीप पुत्र कृष्णपाल, शांति देवी पत्नी कृष्णपाल और मानवती पत्नी हरिराम ने उसके साथ मारपीट गाली गलौज की है ।थाना अध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### विधायक खेल स्पर्धा का किया जाएगा आयोजन

बांगरमऊ, उन्नाव।युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग उन्नाव के तत्वाधान में सांसद खेल महोत्सव के तहत विधान सभा स्तरीय एक विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन आगामी 28 नवंबर को बेहटा मुजावर क्षेत्र में आयोजित होगा जिसमें विभिन्न खेलो के आयोजन में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों के प्रतिभाग करने की उम्मीद जताई जा रही है।क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी गंजमुरादाबाद व विकास रावत युवा कल्याण अधिकारी मियागंज की देखरेख में आगामी 28 नवंबर को बांगरमऊ तहसील के गांव शिवबक्स खेड़ा एक विधान सभा स्तरीय विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन किया जाएगा जिसमें दौड़,लंबी कूद,गोला फेंक, वालीबाल,कबड्डी,बैडमिंटन,कुश्ती आदि खेलो के आयोजन होंगे जिनमें बड़ी संख्या में खिलाड़ियों के भाग लेने का अनुमान लगाया गया है।

# महिला ने फांसी के फंदे से लटक कर अपनी जीवन लीला की समाप्त

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव।कोतवाली क्षेत्र के मलझा गांव में बच्चे को लेकर पति से हुई कहासुनी से नाराज महिला ने मंगलवार दोपहर एक बजे कमरे में साड़ी के फंदे से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली पत्नी का शव लटकता देख पति बदहवास होकर गिर पड़ा कोतवाली क्षेत्र के मलझा गांव निवासी ऋतु राजपूत 30 वर्ष पत्नी चंद्र प्रकाश का शव कमरे में कुंडी से साड़ी के फंदे के लटकता मिला। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर जांच शुरू की ।पति चंद्र प्रकाश के अनुसार सुबह बच्चे को लेकर पति-पत्नी के बीच कहासुनी हुई थी। बताया गया कि उस समय घर के सभी सदस्य खेत पर गए थे और पत्नी घर पर अकेली थी। दोपहर में जब परिजन खेत से लौटे तो कमरे में शव



फंदे से लटका मिला ।मृतका का माइका क्षेत्र के ही नेवाजखेड़ा का है,पति की सूचना कर पहुंचे पिता गणेश लोधी, भाई आकाश और चाचा रामनरेश ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए हत्या कर शव टांगने का आरोप लगाया और कार्रवाई की मांग की। घटना से मृतका का बेटा अकिल (7) और बेटी प्राची सहित परिजन रो-रोकर बेहाल हो गए। कोतवाल शरद कुमार ने बताया कि शव फंदे से लटका मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। मायके पक्ष से तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# डीजे पर डांस को लेकर वर व वधू के युवकों के बीच जमकर चले लात घुसे

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। डीजे पर डांस के दौरान वर और वधू पक्ष के युवकों के बीच जमकर लात-घूंसे और डंडे चले। सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने गंभीर घायल आधा दर्जन लोगों को यहां के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने दूल्हा और दुल्हन के भाई सहित तीन लोगों को नाजुक हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। झगड़े के बाद बिना दुल्हन के ही बारात बैरंग वापस लौट गई।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चकपीर नगर निवासी मोतीलाल विश्वकर्मा की बेटी शीलू की शादी सीतापुर जिले के थाना नैमिषारण्य अंतर्गत ग्राम गयावर निवासी कैलाश के बेटे सुमित से होना था। बीते सोमवार को बैंड-बाजा के साथ बारात वधू के दरवाजे आई। वधू के भाई अजय ने बताया कि बारातियों द्वारा भोजन करने और जयमाला कार्यक्रम के बारात में शामिल नशे में धुत कुछ युवक डीजे पर डांस करने लगे। तभी डांस कर रहे युवक वधू पक्ष के लोगों से अभद्रता और गाली-गलौज करने लगे।

जिससे बारातियों और वधू पक्ष के लोगों के बीच कहासुनी होने लगी। मामला तूल पकड़ते ही दोनों पक्ष के लोगों ने एक-दूसरे पर लात-घूंसों और और डंडों से हमला कर दिया। सूचना पर पहुंची 112 डायल किसी तरह झगड़ा शांत कराया और वर पक्ष के दो लोगों को कोतवाली लाई। साथ ही पुलिस ने झगड़े में घायल दूल्हा सुमित 25., दुल्हन के भाई अजय 20 तथा वधू पक्ष के रमन 25, सचिन 26, उमेश 20 व अंकित 30 को यहां की सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखकर दूल्हा सुमित व दुल्हन के भाई अजय सहित तीन घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। झगड़े में दूल्हे के भी घायल हो जाने के चलते भांवरें नहीं पड़ सकीं और बारातियों को दुल्हन के बगैर बैंरग वापस लौटना पड़ा। कोतवाल अनुराग सिंह ने बताया कि झगड़े की सूचना पर पुलिस मौके पर गई थी। दो बारातियों को हिरासत में लेकर उनसे घटना के बाबत पूछताछ की जा रही है। अभी तक किसी भी पक्ष द्वारा घटना की तहरीर नहीं दी गई है।

# बारातशाला का क्षेत्रीय विधायक ने फीता काट कर किया उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। विकासखंड क्षेत्र के सेढूपुर गांव में मंगलवार को बारातशाला का उद्घाटन करते हुए विधायक आशुतोष शुक्ला ने कहा बारातशाला में एक भी ईंट भ्रष्टाचार की नहीं लगी है।आने वाले समय में भाजपा 2027 में फिर सरकार बनाएगी । आज बहुत शुभ दिन भी है जहाँ अयोध्या में 140 करोड़ लोगों की आस्था के प्रतीक राम मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद मोदी ने ध्वज फहराया है। कार्यक्रम दौरान विधायक ने करीब 200 निराश्रित, विधवा व बेसहारा महिलाओं को साड़ी भी वितरित किया। गौरतलब है ग्राम पंचायतों में 18 लाख की लागत से बन रहे पंचायत भवनों में बहु उद्देशीय योजनाओं को हर तबके के लोगो को लाभ दिलाने हेतु सरकार प्रयासरत है। ग्राम प्रधान सुहागिनी और उनके पति वीरेंद्र ने कार्यक्रम में आए हुए




लोगों का आभार व्यक्त किया है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रामआसरे, दीपू पटेल ,नागेंद्र द्विवेदी, श्रीकांत तिवारी, सूरज शुक्ला सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे।

# हाइवे मार्ग पर वाहन हुए दुर्घटनाग्रस्त लगा भीषण जाम

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। दही थाना क्षेत्र में हाईवे वाहन खराब व दुर्घटनाग्रस्त होने की वजह से सोमवार देर रात दोनों तरफ कई किलोमीटर तक भीषण जाम लग गया। पहली घटना रात 2 बजे कानपुर लखनऊ साइड अन्नपूर्णा मंदिर के पास हुई जहा ट्रक का प्रेशर पाइप फटने के कारण वह खराब हो गया और बीच हाईवे पर खड़ा हो गया। इसके बाद सुपर हाउस फैक्ट्री के पास एक ट्रक के अगले दोनों पहिया निकल गए वह आधा ट्रक नाले घुस गया। आधा ट्रक हाईवे पर ही रहा। सुबह 11 बजे क्रेन की मदद से ट्रक को निकाला जा सका। तीसरा ट्रक दही थाने के 200 मीटर पहले गिट्टी लदा ट्रेलर खराब हुआ जिससे जो हाईवे पर खड़ा रहा। चौथ डंपर पॉलिटेक्निक के पास हमीरपुर से मौरंग लेकर बहराइच जा रहा था। आगे चल रहे डंपर में टक्कर मार दी। पांचवा डंपर लखनऊ कानपुर हाईवे के पॉलिटेक्निक के सामने डीसीएम सुबह किसी वाहन से टकरा गया। दोपहर 12 बजे क्रेन की मदद से हटाया जा सका। इसकी वजन से हाइवे के दोनों तरफ 5 किलोमीटर तक भीषण जाम लग गया। तब जाकर पुलिस हरकत में आई और हाइड्रा की मदद से खराब वाहनो को हाईवे से हटाना शुरू किया तब जाकर रविवार रात 2 बजे लगा जाम सोमवार सुबह 10 बजे खत्म हुआ। जाम के दौरान कई ट्रक चालक केबिन में ही सो गए जिससे जिससे जाम हटाने में पुलिस को खासी मशक्कत करनी पड़ी जाम के दौरान औद्योगिक एरिया के विभिन्न मार्गों के साथ साथ पुरवा मार्ग पर भी जाम लगा रहा। जिसमें सुबह स्कूली वाहन एंबुलेंस मजदूरो को फैक्ट्री ले जाने वाले वाहन भी फंसे रहे। 8 घंटे बाद जब जाम खुला तो लोगों ने राहत की सांस ली। अयोध्या में ध्वजारोहण समारोह में भारी भीड़ को देखते 25 नवंबर रात 12 बजे तक कानपुर-लखनऊ हाईवे पर भारी वाहनों का रूट डायवर्जन किया गया है। इन वाहनों को दही तिराहा से मोड़ा जा रहा है। कानपुर से लखनऊ होकर अयोध्या होकर गोरखपुर पूर्वांचल की ओर जाने वाले सभी भारी वाहनों को दही तिराहा से डायवर्ट कर दही-पुरवा मार्ग से निकाला जा रहा है। यह वाहन पुरवा तिराहा मोड़ से पुरवा-मौरावां-मोहनलालगंज होते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से अपने गंतव्य को भेजे जा रहे हैं। भारी वाहनों के लखनऊ जाने पर पूर्णतयः प्रतिबंध रहेगा। इसी वजह से जाम की स्थिति अत्यधिक हो रही है।

# घर से लापता युवक का फांसी के फंदे पर लटकता मिला शव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रूपपुर में सोमवार की दोपहर से एक युवक गायब घर से गायब था जिसका शव दूसरे दिन गांव के बाहर एक नीम के पेड़ के फंदे पर संदिग्ध अवस्था में लटका मिला है। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना के पीछे गांव में प्रेम प्रसंग की चर्चा है।

जरगाव के मजरा रूपपुर निवासी पुत्तीलाल पासी का 22 वर्षीय पुत्र निर्भय कुमार लुधियाना में काम करता था दीपावली पर घर आया था मृतक के भाई नीरज ने पुलिस को बताया कि सोमवार की दोपहर तक उसका भाई निर्भय खेत में काम किया । अपरान्ह घर से अचानक गायब हो गया। खोजबीन करने पर पता नहीं चला। मंगलवार की सुबह दस बजे गांव के बाहर छोटे लाल के खेत के बगल में



खड़े नीम के पेंड़ से फंदे पर लटका पाया मिला है। मृतक दो भाई तीन बहनों में चौथे नंबर का था। भाई की सूचना पर नेवरना चौकी प्रभारी ऋषि कपूर मौके पर पहुंच जांच पड़ताल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गांव में प्रेम प्रसंग की चचार्ये व्याप्त रही।

# चोरी छुपे काटे जा रहे हरे भरे आम के पेड़ पुलिस ने की कार्यवाही

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के गांव जंगलखेड़ा में बाग मालिक और ठेकेदार मिलकर चोरी छिपे हरे आम के पेड़ कटा रहे थे सूचना पर पुलिस ने बाग मालिक और ठेकेदार के विरुद्ध बन अधिनियम की कार्रवाई की है। जंगलखेड़ा थाना बिहार निवासी रामआसरे, गयाबख्श, धनीराम पुत्र रामअवतार ने अपनी बाग में खड़े आम के पेड़ को भाटमऊ थाना पुरवा निवासी लकड़ी ठेकेदार सिराज अहमद पुत्र कमरूद्दीन के हाथ बेच लिया। सोमवार को पेड़ों की कटाई चल रही थी सूचना पर पहुंचे एस आई नरेंद्र ,सिपाही




रोहित सिंह चंदेल को देखकर मौके से ठेकेदार , कर्मचारी भाग निकले ।थाना अध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया कि 34 बोटा आम की लकड़ी सिपुर्दगीमें दी दी गई है। बाग के मालिक रामआसरे, गयाबक्स धनीराम तथा ठेकेदार सिराज के विरुद्ध बन अधिनियम का केस दर्ज कर कार्यवाई की गई है।

# युवक ने दलित उत्पीड़न का दर्ज कराया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के छुलिहा निवासी राज बहादुर पुत्र राजेश ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर चार लोगों के विरुद्ध रास्ता रोककर गाली-गलौज धमकी व मारपीट करने का आरोप लगाया है। राज बहादुर ने थाने में दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि वह सोमवार को रानीपुर थाना बीघापुर के ग्राम प्रधान का ट्रैक्टर लेकर अपने गांव जा रहा था तभी रानीपुर निवासी गुड्डू पुत्र




इस्लाम अपनी बाइक को ट्रैक्टर के आगे लगाकर गाली गलौज करने लगे इसके पूर्व भी वह कई बार अपमानित कर चुके हैं। फोन के माध्यम से गुड्डू ने रानीपुर निवासी निहाल पुत्र भुल्लू, रब्बानी पुत्र वारिस, अयान खान पुत्र सामून को बुला लिया चारों लोगों ने मिलकर गाली गलौज मारपीट जाति सूचक अभद्र शब्दों के साथ अपमानित किया। थाना अध्यक्ष राजपाल ने बताया कि राजबहादुर के प्रार्थना पत्र पर गाली गलौज धमकी तथा दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# अनियंत्रित बाइक से नीचे गिरा युवक हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव।एक चलती बाइक से गिरकर 45 वर्षीय चालक असलम की मौत हो गई। यह घटना हरदोई मार्ग पर स्थित किरण पेट्रोल पंप के पास हुई। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।असलम अपने बेटे सादान के साथ बाइक पर सुरसेनी गांव जा रहे थे। किरण पेट्रोल पंप के पास अचानक उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और असलम नीचे गिर गए। बाइक पर पीछे बैठा उनका बेटा सादान इस हादसे में बाल-बाल बच गया।घटना की सूचना मिलते ही रिश्तेदार मौके पर पहुंचे और असलम को निजी वाहन से सीएचसी बांगरमऊ ले गए। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि असलम को अटैक पड़ा था, हालांकि डॉक्टरों ने इसकी पुष्टि नहीं की है।असलम सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के पीखी गांव निवासी सिराजुद्दीन के पुत्र थे। यह घटना मंगलवार शाम करीब चार बजे की बताई जा रही है। परिजन बिना पुलिस को सूचना दिए शव को घर ले गए।

# सीएनजी ऑटो और बाइक में जोरदार टक्कर, चार घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव।बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र अंतर्गत संडीला मार्ग पर मटुकरी चौराहा के निकट सीएनजी ऑटो और बाइक में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दम्पति सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को यहां के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां के चिकित्सकों ने घायलों की हालत नाजुक बताकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हरदोई जनपद के थाना अतरौली




अंतर्गत ग्राम मदार नगर निवासी जनार्दन पुत्र गोविंद उसकी पत्नी शिवानी और भाई जयवीर तीनों बाइक से कहीं रिश्तेदारी जा रहे थे। रास्ते में बेहटा मुजावर थाना अंतर्गत संडीला मार्ग पर ग्राम मटुकरी चौराहा के निकट सीएनजी ऑटो से टक्कर हो गई। हादसे में तीनों बाइक सवार और सीएनजी चालक मनोज पुत्र शंभू निवासी ग्राम तेजीपुर थाना मल्लावां जिला हरदोई गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शी की सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस चारों घायलों को यहां के सरकारी अस्पताल लाई। यहां के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# एसडीएम की बैठक के बाद एसआईआर कार्य में तेजी

- ब्लॉक जलालाबाद के परशुराम पुरी और अल्हागंज में फॉर्म भरने का काम तेज

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर, जलालाबाद ब्लॉक में एसडीएम प्रभात कुमार राय की फटकार के बाद एसआईआर (सर्वे ऑफ इंडिया रिकॉर्ड) प्रक्रिया में तेजी आई है। परशुराम पुरी नगर और अल्हागंज में मतदाता सूची से संबंधित फॉर्म भरने का काम तेज गति से चल रहा है। जलालाबाद नगर पालिका के परशुराम पुरी नगर स्थित मोहल्ला खेड़ा में बीएलओ दीपक सिंह रबात, लक्ष्मीकांत द्विवेदी और अनूप भारद्वाज ने स्थानीय निवासियों अमर पाल विक्कू पांडे और नितिन मिश्रा के साथ मिलकर एसआईआर के काम में सहयोग किया। उन्होंने मोहल्ले के लोगों को बुलाकर फॉर्म भरवाए और वितरित किए। इसी कड़ी में, जलालाबाद ब्लॉक क्षेत्र के कस्बा अल्हागंज के मोहल्ला आजाद नगर में बीएलओ अखिलेश कुमार, जितेंद्र सिंह राठौर और गौरव दीक्षित की टीम पहुंची। टीम ने घरों में जाकर एसआईआर की जांच प्रक्रिया पूरी की, पहले फॉर्म वितरित किए और फिर उन्हें भरने का काम शुरू किया। इस दौरान टीम ने मोहल्ले के 50 प्रतिशत से अधिक फॉर्म भरे। बीएलओ ने अन्य लोगों से भी सहयोग करने और सही जानकारी उपलब्ध कराने की



अपील की। गौरतलब है कि एसडीएम प्रभात कुमार राय ने बीते दिनों जलालाबाद ब्लॉक में एक बैठक की थी। इस बैठक में उन्होंने एसआईआर प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए थे, जिसके बाद से इस कार्य में तेजी देखी जा रही है।

**देश की राजधानी दिल्ली समेत पूरा एनसीआर एक बार फिर जहरीली हवा की गिरफ्त में है। सांस लेना तक मुश्किल हो गया है। पिछले कुछ सालों से लगातार इस महासंकट से जूझ रही दिल्ली-एनसीआर को कोई स्थायी समाधान की रोशनी क्यों नहीं मिलती? सरकारें और राजनेता एक-दूसरे पर जिम्मेदारी ठहराने की बजाय समाधान के लिए तत्पर क्यों नहीं होते? कागज पर भले सरकार ने वायु गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए कई कदम उठाए हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है। ध्यान देने वाली बात यह है कि चीन जो कभी खतरनाक प्रदूषण से जूझ रहा था, एक दशक के अंदर अपनी वायु गुणवत्ता में सुधार लाने में कामयाब रहा। हम ऐसा क्यों नहीं कर पा रहे। चीन ने इसे राष्ट्रीय आपातकाल मानकर तेज गति से काम किया है। चीन की इस सफलता में निगरानी ने एक बड़ी भूमिका निभाई। देश ने एक व्यापक रियल टाइम वायु निगरानी नेटवर्क बनाया, जो शहर दर शहर और यहां तक कि फैक्ट्री दर फैक्ट्री प्रदूषकों पर नजर रखता था। इससे उन्हें उत्सर्जन कहां से आया, इसका एक सटीक डेटा मिला और उसी के मुताबिक कार्रवाई संभव हुई। हम ऐसा करने में कहां कमजोर पड़ रहे हैं, इसी का विश्लेषण करता *आजकल* का यह खास अंक...**

# प्रदूषण पर लगाम की कारगर नीति बने



पर्यावरण

रविशंकर

स्वतंत्र पत्रकार

उत्तर भारत एक बार फिर जहरीली हवा की गिरफ्त में हैं। लोगों के लिए सांस लेना तक मुश्किल हो गया है। आसमान में मौजूद धुंआ जनस्वास्थ्य संकट बन चुका है। लोग गैस चैंबर में रहने को मजबूर हैं। दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता सूचकांक कई इलाकों में 400 के पार पहुंच चुका है,जो गंभीर श्रेणी में आता है। यानी सांस लेना भी खतरे से खाली नहीं। भले इस गंभीर होती समस्या से पार पाने के लिए दिल्ली सरकार ने कई उपाय आजमाए, प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए निर्देश जारी किए गए, मगर वे कारगर साबित नहीं हो पा रहे। पर्यावरण के लिए काम करने वाली संस्था ग्रीनपीस की एक रिपोर्ट के मुताबिक़ भारत की राजधानी दिल्ली दुनियाभर में सभी देशों की राजधानी में सबसे ज़्यादा प्रदूषित शहर है।

**दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता सूचकांक 400 के पार पहुंच चुका है,जो गंभीर श्रेणी में आता है। यानी सांस लेना भी खतरे से खाली नहीं। भले इस गंभीर होती समस्या से पार पाने के लिए दिल्ली सरकार ने कई उपाय आजमाए, प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए निर्देश जारी किए गए, मगर वे कारगर साबित नहीं हो पा रहे। वायु प्रदूषण से निपटने के लिए तात्कालिक कार्रवाई के बजाय निरंतर प्रयासों की जरूरत है। स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों को अपनाना, वाहनों की संख्या को नियंत्रित करना और सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देना जैसे उपाय दीर्घकालिक प्रभाव डाल सकते हैं।**

## स्थायी समाधान क्यों नहीं

सवाल है कि पिछले कुछ सालों से लगातार इस महासंकट से जूझ रही दिल्ली-एनसीआर को कोई स्थायी समाधान की रोशनी क्यों नहीं मिलती? सरकारें और राजनेता एक दूसरे पर जिम्मेदारी ठहराने की बजाय समाधान के लिए तत्पर क्यों नहीं होते? कागज पर भले सरकार ने वायु गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए कई कदम उठाए हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है। इससे पता चलता है कि हमारे यहां व्यवस्था प्रदूषण को कंट्रोल करने के लिए कितनी कारगर है। इसी बीच, ध्यान देने वाली बात यह है कि चीन जो कभी खतरनाक प्रदूषण से जूझ रहा था, एक दशक के अंदर अपनी वायु गुणवत्ता में सुधार लाने में कामयाब रहा। सवाल अहम यह है कि भारत दुनिया के दूसरे देशों से सबक क्यों नहीं ले रहा है। यह ठीक है कि भारत ने प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए कई उपाय शुरू किए हैं लेकिन धीमी गति और जमीनी स्तर पर कमजोर प्रवर्तन की वजह से उनका प्रभाव सीमित ही रहा। वहीं चीन ने प्रदूषण को राष्ट्रीय आपातकाल मानकर तेज गति से काम किया है। चीन की इस सफलता में निगरानी ने एक बड़ी भूमिका निभाई। देश ने एक व्यापक रियल टाइम वायु निगरानी नेटवर्क बनाया, जो शहर दर शहर और यहां तक कि फैक्ट्री दर फैक्ट्री प्रदूषकों पर नजर रखता था। इससे उन्हें उत्सर्जन कहां से आया, इसका एक सटीक डेटा मिला और उसी के मुताबिक कार्रवाई संभव हुई।

## चीन ने किया नीति में बदलाव

इसी के साथ चीन ने अपनी परिवहन प्रणाली में भी बदलाव किया। बीजिंग जैसे शहरों में मेट्रो नेटवर्क का विस्तार किया, चौड़े पैदल यात्री क्षेत्र बनाएं,निजी वाहन पर निर्भरता कम की और साथ ही सार्वजनिक परिवहन में निवेश किया। इसी के साथ प्रदूषणकारी उद्योगों के प्रति भी चीन ने सख्ती दिखाई। चीन ने उद्योगों को स्वच्छ ईंधन और रिन्यूएबल एनर्जी की तरफ मोड़ कर कोयल पर अपने निर्भरता को भी कम किया। गैस आधारित बॉयलरों ने अनगिनत कोयला इकाइयों की जगह ली,जिस वजह से सल्फर उत्सर्जन में काफी कमी आई। भारत में अभी भी कोयले पर निर्भरता काफी ज्यादा है। साफ है, चीन का मॉडल दिखाता है कि मजबूत प्रवर्तन और एकीकृत सरकारी दृष्टिकोण से बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। गौर करने वाली बात ये है कि प्रदूषण से आबादी के लिहाज से सबसे ज्यादा नुकसान भारत को ही होता है,लिहाजा भारत को अपनी जिम्मेदारी बखूबी समझते हुए तत्काल ही कुछ सार्थक और ठोस उपाय करना होंगे। साफ है, आज के समय दुनिया में सबसे ज्यादा बीमारियां पर्यावरण प्रदूषण की वजह से हो रही हैं। मलेरिया, एडस और तपेदिक से हर साल जितने लोग मरते हैं उससे ज्यादा लोग प्रदूषण से होने वाली बीमारियों से मर जाते हैं।

## उदासीन बनी है सरकार

बहरहाल, हर साल सवाल यही उठता है कि वायु प्रदूषण से हर साल होने वाली मौत को रोकने के लिए सरकार की तरफ से क्या कदम उठाए जा रहे हैं? इसके बावजूद लोग अपने त्रासदीपूर्ण भविष्य को लेकर पूरी से तरह से बेखबर हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर हमारी सरकार और समाज कर क्या रहे हैं? वास्तव में वायु प्रदूषण की समस्या इतनी जटिल होती जा रही है कि भविष्य अंधकारमय होता प्रतीत हो रहा है। वस्तुतः आज मनुष्य भोगवादी जीवन शैली का इतना आदि और स्वार्थी हो गया है कि अपने जीवन के मूल आधार समस्त वायु को दूषित कर रहा है, नैतिकता, धर्म, कर्तव्य सब भूल रहा है। बढ़ते वाहनों और कारखानों से निकलते धुएं ने वायु का, वृक्षों की कटाई से जीवनदायिनी गैसों को, मनुष्य द्वारा फैलाई जा रही गंदगी से जल को इस तेजी के साथ प्रदूषित कर रहा है कि दुगनी गति से बीमारियां भी फैल रही हैं। मानवीय सोच और विचारधारा में इतना ज्यादा बदलाव आ गया है कि भविष्य की जैसे मानव को कोई चिंता ही नहीं है। अमानवीय कृत्यों के कारण आज मनुष्य प्रकृति को रिक्त करता चला जा रहा है। जिसके परिणामस्वरूप पर्यावरण असंतुलन के चलते भूमंडलीय ताप, अम्लीय वर्षा, बर्फीली चोटियों का पिघलना, सागर के जल-स्तर का बढ़ना, मैदानी नदियों का सूखना, उपजाऊ भूमि का घटना और रेगिस्तानों का बढ़ना आदि विकट परिस्थितियां उत्पन्न होने लगी है। ये सारा किया कराया मनुष्य का है और आज विचलित, चिंतित भी स्वयं मनुष्य ही हो रहा है। लेकिन अफ़सोस की बात है कि हम चेत नहीं हो रहे हैं। साल दर साल बीत जाने के बाद भी भारत में वायु प्रदूषण बढ़ता ही जा रहा है। चाहे केंद्र सरकार हो या फिर राज्य सरकारें, कोई भी प्रदूषण से लड़ने के लिए गंभीर नहीं दिखता। ऐसे में सरकारों के प्रदूषण से लड़ने के लिए दीर्घकालीन नीतियां बनाने की जरूरत है, तो वहीं दूसरी तरफ लोगों को अपने स्तर पर वे सभी जतन करने की जरूरत है जो हवा को जहरीली होने से रोकें।

## विदेशों से सीख ले भारत

ये ठीक है कि वायु प्रदूषण से निपटने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों ने कई कदम उठाए थे। फिर भी हम फिसड्डी साबित हुए। ऐसे में भारत की जिम्मेदारी बड़ी और ज्यादा गंभीर चुनौतीपूर्ण हो जाती है क्योंकि हमें विकसित और विकासशील दोनों ही प्रकार के देशों में किए जा रहे उपायों को अपनाना पड़ेगा। दअरसल, वायु प्रदूषण एक ऐसा मुद्दा है जो पूरी दुनिया के लिए चिंता की बात है ओर इसे बिना आपसी सहमति और ईमानदार प्रयास के हल नहीं किया जा सकता है। वायु प्रदूषण से निपटने के लिए तात्कालिक कार्रवाई के बजाय निरंतर प्रयासों की जरूरत है। स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों को अपनाना, वाहनों की संख्या को नियंत्रित करना, और सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देना जैसे उपाय दीर्घकालिक प्रभाव डाल सकते हैं। एक व्यवस्थित निगरानी तंत्र से पूरे वर्ष वायु गुणवत्ता का मूल्यांकन करना जरूरी है

# माइक्रो प्लास्टिक बिगाड़ रहा दिल्ली की सेहत



प्रदूषण

सुनील कुमार महला

स्वतंत्र पत्रकार

जहरीली हवा ने जहां एक ओर दिल्ली वालों की दिनचर्या बदल दी है, वहीं दूसरी ओर प्रदूषित हवा ने बच्चों, बुजुर्गों समेत महिलाओं के समक्ष अनेक प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं खड़ी कर दी हैं। सच तो यह है कि साल दर साल राजधानी में प्रदूषण से परेशानियां बढ़ती ही जा रही हैं। कहना गलत नहीं होगा कि दिल्ली पिछले कई वर्षों से प्रदूषण की मार झेल रही है। गर्भस्थ शिशुओं तक पर प्रदूषण का व्यापक प्रभाव पड़ रहा है। इस क्रम में यदि हम जन्म पंजीकरण के आंकड़ों पर गौर करें तो पिछले वर्ष जन्म लेने वाले 30.31 प्रतिशत नवजात शिशुओं का वजन दो किलोग्राम तक था। वहीं, वर्ष 2023 में यह आंकड़ा 31.54 प्रतिशत था। गौरतलब है कि जन्म के समय नवजात का वजन ढाई किलोग्राम से कम हो तो उसे सामान्य से कम माना जाता है। ऐसे में जन्म के समय सामान्य से कम वजन वाले नवजात शिशुओं की संख्या 30-31 प्रतिशत से अधिक है। इतना ही नहीं, एक प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक में छपी एक खबर के अनुसार चांदनी चौक की हवा में प्लास्टिक के कण भी पाये गये हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, जैसा कि दैनिक ने लिखा है-'चेन्नई और मुंबई की तुलना में कोलकाता और दिल्ली की आबोहवा में माइक्रो प्लास्टिक की मौजूदगी कहीं अधिक है। इस वजह से इन दोनों शहरों की हवा में प्लास्टिक के ऐसे सूक्ष्म अंश अधिक हैं, जो सांस के जरिये शरीर में पहुंच सकते हैं। इस तरह के आइएमपी (सांस के साथ शरीर में पहुंचने योग्य माइक्रो प्लास्टिक) का कोलकाता में स्तर 14.23 माइक्रोग्राम घन मीटर और दिल्ली में 14.18 माइक्रोग्राम घन मीटर पाया गया। चेन्नई और मुंबई के वातावरण में इसकी मौजूदगी बहुत कम रही।' बताता चलूं कि खराब कूड़ा प्रबंधन इसके लिए जिम्मेदार है। वास्तव में, सर्दी के मौसम में प्रदूषण बढ़ने के साथ हवा में माइक्रो प्लास्टिक का स्तर भी 14 से 71 प्रतिशत बढ़ जाता है। दरअसल,यह सब इसलिए हो रहा है क्योंकि सर्दियों में कूड़े का ठीक से प्रबंधन नहीं हो पाता और लोग सिंथेटिक कपड़े ज्यादा पहनते हैं। ठंड की वजह से हवा नीचे ही अटकी रहती है, जिससे प्रदूषण ऊपर नहीं उठ पाता। इस मौसम में पैकेट वाले खाने और प्लास्टिक वाले सेनेटरी नैपकिन का इस्तेमाल भी बढ़ जाता है, जिससे प्लास्टिक कूड़ा ज्यादा बनता है। दिल्ली के चांदनी चौक और सरोजिनी नगर जैसे बाजारों में हवा में माइक्रोप्लास्टिक ज्यादा पाया गया है। बहरहाल, क्या यह चिंताजनक बात नहीं है कि राजधानी में 22 स्थानों पर प्रदूषण का स्तर हाल ही में 400 पार कर गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, 19 नवंबर 2025 को बुधवार के वायु गुणवत्ता सूचकांक में 18 नवंबर 2025 मंगलवार की अपेक्षा लगभग 20 अंकों की वृद्धि दर्ज की गई। गौरतलब है कि मंगलवार को मानक एक्यूआई 374 दर्ज किया गया, जबकि बुधवार को यह 392 दर्ज किया गया। शाम 7 बजे 22 जगहों पर वायु गुणवत्ता सूचकांक 400 से ऊपर दर्ज किया गया, जो कि गंभीर श्रेणी में आता है। वास्तव में, हवा की गति कम, तापमान में गिरावट और आंशिक रूप से बादल छाए रहने के कारण राजधानी में प्रदूषण के स्तर में लगातार पिछले कुछ दिनों से एक्यूआई 300 से अधिक है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि राजधानी में बुधवार की सुबह 8 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 391 दर्ज किया गया। इसी के साथ दिल्ली में लगातार छठे दिन वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में रही। बहरहाल, दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में दिल्ली और दिल्ली एनसीआर के कई क्षेत्र लगातार शामिल होते रहे हैं। यहाँ सर्दियों में हवा की गुणवत्ता बेहद खराब स्तर तक पहुँच जाती है, क्योंकि वाहन धुआँ, औद्योगिक उत्सर्जन, निर्माण धूल और आसपास के राज्यों में पराली जलने का असर मिलकर प्रदूषण बढ़ा देते हैं। ठंडी हवा और कम हवा की रफ्तार प्रदूषित कणों को जमीन के पास रोके रखती है, जिससे पीएम 2.5 और पीएम10 का स्तर तेजी से बढ़ जाता है। दिल्ली के साथ-साथ नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद भी अक्सर 'बहुत खराब' या 'गंभीर' श्रेणी में पहुँच जाते हैं। इस प्रदूषण से साँस और हृदय संबंधी बीमारियाँ बढ़ती हैं और बच्चों-बुजुर्गों पर इसका सबसे ज्यादा असर होता है। लगातार बढ़ते प्रदूषण ने दिल्ली-एनसीआर को वैश्विक स्तर पर अत्यधिक प्रदूषण प्रभावित क्षेत्र बना दिया है। इसी क्रम में हाल ही में शीर्ष अदालत ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) से दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों को नवंबर-दिसंबर में प्रस्तावित खेल स्पर्धाएं स्थगित करने का निर्देश देने पर भी विचार करने को कहा है।

***सर्दी के मौसम में प्रदूषण बढ़ने के साथ हवा में माइक्रो प्लास्टिक का स्तर भी 14 से 71 प्रतिशत बढ़ जाता है। दरअसल, यह सब इसलिए हो रहा है क्योंकि सर्दियों में कूड़े का ठीक से प्रबंधन नहीं हो पाता***

# ऐसे तो गल जाएंगे दिल्ली के फेफड़े



महारोग स्मॉग

डॉ. घनश्याम बादल

स्वतंत्र पत्रकार

दिल्ली में क्लाउड सीडिंग के माध्यम से कृत्रिम बारिश का सपना टूट गया है । लगातार तीन दिन तक आकाश में क्लाउड सीडिंग करने के बावजूद एक बूंद भी बारिश नहीं हुई और दिल्ली वासी 400 से ऊपर एक क्यू आई यानी हवा की बहुत ख़राब क्वालिटी के साथ सांस लेने को मजबूर हैं। हालत इतनी ख़राब है कि 100 मीटर दूर की बिल्डिंग दिखाई नहीं दे रही है । दीपावली के बाद अक्सर दिल्ली में स्मॉग की समस्या आती रही है और इसके पीछे जहां दीपावली के पटाखों को जिम्मेदार ठहराया जाता है वहीं हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश के किसानों द्वारा पराली जलाए जाने के आरोप लगाकर भी पल्ला झाड़ लिया जाता है जबकि असलियत यह है कि जिस तरह दिल्ली में परिवहन एवं वाहनों की स्थिति है उसके चलते आने वाले वर्षों में पूरे साल ऐसी ही स्थिति रहने वाली है और यदि कारगर उपाय नहीं किए गए तो फिर दिल्ली के फेफड़े खराब होने तय हैं। दिल्ली ही नहीं दूसरे व्यस्त महानगरों में भी भारी स्मॉग और कहर बरपा रही है। हर साल दिसंबर जनवरी के महीने कोहरे व स्मॉग के शिकार होते ही हैं । जितना बड़ा शहर उतना ही ज़्यादा स्मॉग और उससे ज़्यादा उससे उपजा संकट। इन दिनों में स्मॉग के चलते बीमार होने के साथ-साथ सड़क दुघर्टनाओं में भी न जाने कितनी जानें जाती हैं । रोज ही लाखों यात्री समय से अपने गंतव्य पर नहीं पंहुच पाते हैं। देश भर में यातायात प्रभावित होता है। प्रतिदिन कितनी ही ट्रेन व बसें तथा हवाई जहाजों की उड़ानें भी लेट होती हैं या फिर रद्द की जाती हैं। कोहरे के प्रकोप का तोड़ ढूंढ पाने हर प्रयास नाकाम सिद्ध हो रहा है। स्मॉग ज्यादातर औद्योगिक शहरी क्षेत्रों में जल कणों का कार्बन कणों तथा अन्य सूक्ष्म कणों के मिश्रण से अधिक तीव्रता से बनता है और ज्यादा देर तक बना रहता है। इसमें विभिन्न रसायनों के वाष्पकण मिल जाने से इसकी प्रकृति अम्लीय भी हो जाती है जो अधिक हानिकारक है। कुदरत से छेड़छाड़ की प्रवृत्ति सबसे बड़ी वजह है स्मॉग के कहर की। यदि सचमुच ही दिल्ली एवं दूसरे शहरों के लोगों को स्मॉग की मार से बचाना है तो हमें दलीय राजनीति एवं क्षुद्र स्वार्थ सबसे पहले छोड़ने होंगे। आज यह समय की मांग है कि हमें स्मॉग से पीड़ित शहरों एवं लोगों को राहत दिलाने के लिए उन सब कारणों को दूर करना जिनकी वजह से स्मॉग की समस्या उत्पन्न होती है। कुल मिलाकर यदि स्मॉग का हल नहीं ढूंढ पाए तो फिर यह तो तय है कि दिल्ली के फेफड़े जल्द ही ख़राब हो जाएंगे और दिल्ली ही क्यों हर उस नगर, महानगर की हालत ऐसी ही होना निश्चित है । इसलिए बेहतर हो कि समय रहते यथार्थ परक व्यवहारिक और गहन सोच वाले कदम उठाए जाएं।

***कुदरत से छेड़छाड़ की प्रवृत्ति सबसे बड़ी वजह है स्मॉग के कहर की। यदि लोगों को स्मॉग की मार से बचाना है तो हमें दलीय राजनीति सबसे पहले छोड़नी होगी***

# नकली बादल से हल नहीं होती वायु प्रदूषण की असली समस्या



दो टूक

पंकज चतुर्वेदी

स्वतंत्र पत्रकार

जब भीषण चक्रवात मोंथा ने सारे देश को भीगा दिया था और बादल दिल्ली के आसपास ही मंडरा रहे थे, वायु प्रदूषण से हताश दिल्ली महानगर पर नकली बरसात करवाकर हवा साफ करवाने का प्रयास असफल ही रहा। याद करें डेढ़ महीने पहले ही राजस्थान में कभी जयपुर के करीब विशाल झील रही और बीते दो दशक से पूरी तरह सूखी जमवा रामगढ़ की झील को भरने के लिए कृत्रिम बारिश के प्रयोग एक तमाशे से अधिक नहीं रहे। वहां कई बार ड्रोन उड़ाये और चार बार असफल रहने के बाद नाममात्र की बूंदें गिरी जिसने झील के तल को गीला तक नहीं किया। दिल्ली सरकार दीपावली के ठीक अगले दिन कृत्रिम बादल से पानी बरसाने की बात कर रही थी और यह होता तो एसिड रैन या तेजाब की बारिश एक बड़ी संभावना थी। कैसी विडंबना है कि समाज और सरकार दोनों के स्तर पर वायु प्रदूषण कम करने के कोई प्रयास होते नहीं, उलटे जब आतिशबाजी के धुएं से दम घुटने लगा तो तकनीक के बदौलत एक छद्म प्रयास किया जा रहा है। दिवाली के एक हफ्ते बाद भी दिल्ली-समग्र की कोई चार करोड़ जनसंख्या जिस वायु में सांस ले रही हैं, वह न केवल उनकी उम्र घटा रही है, बल्कि विभिन्न गंभीर बीमारियों के इलाज में खर्च से जेब में भी छेद कर रही है। सालों से चर्चा होती रही है कि इस शहर को गैस चेम्बर बनाने में सड़कों पर जाम, अनियोजित निर्माण से उड़ती धूल का बड़ा हिस्सा है। निरंकुश आतिशबाजी ने इसमें रासायनिक जहर को और जोड़ दिया और इस तरह से हवा को दूषित करने को काबू करने के कोई निर्णायक उपाय हो नहीं रहे। ऐसे में नकली बादलों का भ्रम एकबारगी आंकड़ों में भले हवा साफ दिखा दे, लेकिन हालात उससे भी बदतर होने की संभावना है। जिस कृत्रिम बरसात का झांसा दिया जा रहा है, उसकी तकनीक को समझना जरूरी है। इसके लिए हवाई जहाज से



**नकली बादलों का भ्रम एकबारगी आंकड़ों में भले हवा साफ दिखा दे, लेकिन हालात उससे भी बदतर होने की संभावना है। कृत्रिम बरसात की तकनीक को समझना जरूरी है।**

सिल्वर-आयोडाइड और कई अन्य रासायनिक पदार्थों का छिड़काव किया जाता है, जिससे सूखी बर्फ के कण तैयार होते हैं। असल में सूखी बर्फ ठोस कार्बन डाइऑक्साइड ही होती है। सूखी बर्फ के पिघलने से पानी नहीं बनता और यह गैस के रूप में ही लुप्त हो जाती है। यदि परिवेश के बादलों में थोड़ी भी नमी होती है तो यह सूखी बर्फ के कणों पर चिपक जाते हैं और इस तरह बादल का वजन बढ़ जाता है, जिससे बरसात हो जाती है।एक तो इस तरह की बरसात के लिए जरूरी है कि वायुमंडल में कम से कम 40 फ़ीसदी नमी हो, फिर यह थोड़ी सी देर की बरसात ही होती है। इसके साथ यह ख़तरा बना रहता है कि वायुमंडल में कुछ ऊंचाई तक जमा स्मॉग और अन्य छोटे कण फिर धरती पर आ जाएं। साथ ही सिल्वर आयोडाइड, सूखी बर्फ के धरती पर गिरने से उसके संपर्क में आने वाले पेड़-पौधे, पक्षी और जीव ही नहीं, नदी-तालाब पर भी रासायनिक ख़तरा संभावित है। वैसे भी दिल्ली के आसपास जिस तरह सीएनजी वाहन अधिक है, वहां बरसात नए तरीके का संकट ला सकती है। विदित हो सीएनजी दहन से नायट्रोजन ऑक्साइड और नाइट्रोजन की ऑक्सीजन के साथ गैसें जिन्हें 'आक्साईड आफ नाइट्रोजन' का उत्सर्जन होता है। चिंता की बात यह है कि "आक्साईड आफ नाइट्रोजन " गैस वातावरण में मौजूद पानी और ऑक्सीजन के साथ मिलकर तेजाबी बारिश कर सकती है। यह वैश्विक रूप से प्रामाणिक तथ्य है कि नकली तरीके से बरसात करवाना कई बार बहुत भारी पड़ता है, फिर उस दिल्ली एनसीआर में, जहां कुछ मिनट की बरसात से सड़कों पर नदी-नाले भरने से जाम होता है और यही जाम दिल्ली की हवा में सबसे अधिक जहर घोलता है। जाहिर है बरसात से जितना प्रदूषण कम नहीं होगा, उससे अधिक बरसात के कारण वाहनों के ठिठकने से उपजे धुएं से बढ़ेगा ही। कृत्रिम बारिश से होने वाली भारी बारिश से बाढ़ आ सकती है, जिससे जान-माल की हानि हो सकती है। प्रकृति को कोई भी नकली या बाहरी प्रयास बचा नहीं सकता। इसके लिए मानव को ही आत्म नियंत्रण करना होगा ताकि कम से कम हवा दूषित हो। कृत्रिम बरसात करवाना वैसा ही है जैसे नल की टोंटी कर पोंछा लगाने की कवायद ।

# विकासशील देशों के लिए संकट बनी प्लास्टिक कचरे की सुनामी



ई-कचरा

प्रमोद भार्गव

स्वतंत्र पत्रकार

पर्यावरण पर वैश्विक निगरानी रखने वाली सिएटल स्थित संस्था 'बासेल एक्शन नेटवर्क' (बीएएन) की ताजा रिपोर्ट में जानकारी दी गई है कि अमेरिका से लाखों टन खराब इलेक्ट्रॉनिक सामग्री कई देशों में ठिकाने लगाने की दृष्टि से भेजी जा रही है। इनमें से अधिकांश दक्षिण पूर्व एशिया के विकासशील देश हैं। इन देशों में इस खतरनाक कचरे का सुरक्षित रूप से नष्ट करने का कोई उपाय नहीं है, इसलिए वे इसे लेने को तैयार नहीं हैं। बावजूद दस अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कंपनियां प्रयोग की उम्र समाप्त कर चुके इलेक्ट्रॉनिक्स को एशिया और पश्चिमी एशिया के निर्धन देशों में ठिकाने लगा रही हैं। इसे ई-कचरे की छिपी हुई सुनामी माना जा रहा है।

रपट के अनुसार यह ई-कचरे की अदृश्य सुनामी है, क्योंकि ये विकासशील एवं गरीब देश इस कचरे का पुनर्चक्रण करने में समर्थ नहीं है। फिर भी ताकतवर पूंजीपति देश इन देशों को अपने कचरे का ठिकाना बनाने में बेहिचक लगे हुए हैं। अतएव पर्यावरण को हानि पहुंचाने वाली संस्थाओं को यह आकलन करना कठिन हो रहा है कि घातक कचरा जिन देशों में फेंका जा रहा है, वहां का वायुमंडल किस हद तक प्रभावित एवं प्रदूषित होगा। इसका वहां के लोगों के स्वास्थ पर कितना असर पड़ेगा, यह अंदाजा कोई नहीं लगा पा रहा है। इस कचरे में कंप्यूटर, लैपटॉप, टैबलेट, मोबाइल और अन्य आईटी उपकरण शामिल हैं। इनमें सीसा, कैडमियम और पारा जैसी सामग्रियां हैं, जो मूल्यावन होने के साथ विषाक्त हैं। जैसे-जैसे गैजेट्स नए मॉडल के साथ तेजी से बदले जा रहे हैं, वैसे-वैसे पुनर्चक्रित नहीं किया जाने वाला कचरा पांच गुना बढ़ता जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र के अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ और अनुसंधान शाखा (यूएनआईटीएआर) के अनुसार एकत्रित आंकड़े बताते हैं कि वैश्विक स्तर पर 2022 में 6.2 करोड़ मीट्रिक टन ई-कबाड़ उत्पन किया गया। 2030 तक इसके उत्पादन की मात्रा 8.2 करोड़ मीट्रिक टन हो जाने का अनुमान हैं। रपट के अनुसार हर महीने लगभग 2000 कंटेनरों में लगभग 33,000 मीट्रिक टन अमेरिका में इस्तेमाल किया गया। ई-कचरा अमेरिकी बंदरगाहों से बाहर भेजा जाता है। इन कंटेनरों की खेपों की आपूर्ति करने वाली कंपनियों को ई-कचरा ब्रॉकर कहा जाता है। ये आमतौर पर स्वयं कचरे का पुनर्चक्रण करने की बजाय इसे लाचार गरीब देशों के बंदरगाहों पर उतार देती हैं।



**पर्यावरण को हानि पहुंचाने वाली संस्थाओं को यह आकलन करना कठिन हो रहा है कि घातक कचरा जिन देशों में फेंका जा रहा है, वहां का वायुमंडल किस हद तक प्रभावित एवं प्रदूषित होगा।**

यह कचरा लगातार एशियाई देशों में कचरे के बोझ को बढ़ाकर कई तरह के पर्यावरणीय संकट पैदा कर जल-वायु और पृथ्वी को प्रदूषित कर रहा है। इस कचरे से घातक लैंडफिल गैसों का भी उत्सर्जन कुछ सालों के बाद होने लगता है। इनसे उत्पन्न जहरीला रसायन जल और मिट्टी को दूषित करता है। इस कचरे का बहुत बड़ा हिस्सा गरीब लोग अपनी आजीविका चलाने के लिए कबाड़खानों में पहुंचा देते हैं। यहां काम करने वाले मजदूर अक्सर बिना किसी सुरक्षा उपकरणों के उन्हें हाथों से जला एवं पिघला कर अलग कर खोलते हैं। इस प्रक्रिया विषाक्त धुआं निकलता है, जो अत्यंत हानिकारक होता है। बासेल एक्शन नेटवर्क की संधि के मुताबिक इस्तेमाल किए गए ई-कचरे को एक देश से दूसरे देश भेजने की अनुमति केवल ऐसे कचरे को हैं, जिसे पुनर्चक्रित करके पुनः इस्तेमाल किया जा सके और जो पर्यावरण को प्रदूषित नहीं करने वाला हो। लेकिन ये कंपनियां ऐसी किसी शर्त का पालन नहीं कर रही हैं। यही कारण है कि दुनिया में पुनर्चक्रण की तुलना में ई-कबाड़ में पांच गुना वृद्धि हो रही है। आज ई-कचरा,जिसमें बड़ी मात्रा में प्लास्टिक के उपकरण भी शामिल हैं,नष्ट करना भारत समेत दुनिया के देशों के लिए मुश्किल हो रहा है। इसे नष्ट करने के जैविक उपाय तलाशे जा रहे हैं। जापान के क्योटो विश्वविद्यालय ने एक ऐसे जीवाणु के अनुसंधान का दावा किया है,जो जैविक रूप से प्लास्टिक नष्ट कर सकता है। हालांकि भारत में यही काम औद्योगिक एवं प्रौद्योगिकी कचरे को नष्ट करने के लिए केंचुओं से कराया जा रहा है। औसतन एक टन ई-कचरे के टुकड़े करके उसे यांत्रिक तरीके से पुनर्चक्रित किया जाए तो लगभग 40 किलो धूल या राख जैसा पदार्थ तैयार होता है। इसमें अनेक कीमती धातुएं समाहित रहती हैं। इन धातुओं के पृथक्करण की प्रक्रिया मानव शरीर और पर्यावरण को हानि पहुंचाने वाली है, इसलिए इस हेतु बायो-हाइड्रो मेटलर्जिकल तकनीक कहीं ज्यादा बेहतर मानी जा रही है। इस तकनीक को अमल लाते वक्त सबसे पहले बैक्टीरियल लीचिंग प्रोसेस ; बायो लीचिंग का प्रयोग करते हैं। इसके लिए ई-कचरे को बारीक पीसकर उसे जीवाणुओं के साथ रखा जाता है। बैक्टीरिया में मौजूद एंजाइम कचरे में उपस्थित धातुओं को ऐसे यौगिकों में बदल देते हैं कि उनमें गतिशीलता पैदा हो जाती है। बायो-लीचिंग की विधि में जीवाणु कुछ विशेष धातुओं को अलग करने में मदद करते हैं। हालांकि कई प्रकार के जीवाणुओं और फफूंद का उपयोग प्रिंटेड सर्किट बोर्ड से सीसा, तांबा और टिन को अलग करने के लिए किया जाता रहा है। इस कचरे को जो कंपनियां जिन देशों में ठिकाने लगा रही हैं, वहां इस कचरे के निस्तारण संबंधी जैविक उपाय स्टार्टअप के रूप में बेरोजगारों को उपलब्ध करा दें तो गरीब देशों के युवाओं को रोजगार तो उपलब्ध होगा ही, दुनिया प्रदूषण मुक्त भी बनी रहेगी।

## संक्षेप

### इकलौते बेटे का शव क्लच वायर से लटका मिला

**नाश्ता कर घर से निकला था रविंद्र, दो बेटों की पहले हो चुकी है मौत**

सुलतानपुर, कोतवाली देहात के बरुई गांव में राजाराम के इकलौते बेटे रविंद्र का शव बभनगंवा के निकट एक बाग की झाड़ियों में क्लच वायर से लटका मिला। इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई। रविंद्र सुबह नाश्ता कर घर से निकला था। उसके बाद परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। अनहोनी की आशंका के चलते जब वे उसे ढूंढते हुए बाग में पहुंचे, तो उसका शव पेड़ से लटका हुआ पाया। सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। देहात कोतवाल अखंडदेव ने बताया कि पुलिस मामले में विधिक कार्यवाही कर रही है। माना जा रहा है कि परिवार में किसी कहासुनी के बाद रविंद्र घर से क्लच वायर लेकर चला गया था। हालांकि, पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है। राजाराम के लिए यह तीसरी बड़ी त्रासदी है। दस साल पहले तक उनके तीन बेटे थे। आठ साल पहले उनके एक बेटे सुरेंद्र की वाराणसी फोरलेन बनते समय सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। इसके बाद छह साल पहले दूसरे बेटे की बीमारी से मृत्यु हो गई थी। अब इकलौते बचे बेटे रविंद्र की भी मौत हो गई है, जिससे माता-पिता गहरे सदमे में हैं।

### मतदाता सूची सुधार अभियान

**भाजपा उपाध्यक्ष ने लोकतंत्र को सशक्त बनाने पर दिया जोर**

कुशीनगर, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के जिला प्रवासी डॉ. सत्येन्द्र सिन्हा ने रविवार को जनपद में मंडल स्तर पर बैठकों की श्रृंखला आयोजित की। उन्होंने मथौली, रामकोला, लक्ष्मीगंज और पडरौना मंडलों के कार्यकताओं को निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की विस्तृत जानकारी दी। डॉ. सिन्हा ने कहा कि यह अभियान लोकतंत्र को अधिक सशक्त, पारदर्शी और समावेशी बनाने का महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदाता ूची पुनरीक्षण केवल प्रशासनिक औपचारिकता नहीं, बल्कि पार्टी के संगठनात्मक दायित्व का भी अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कार्यकताओं से अपने क्षेत्रों में यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से बाहर न रह जाए। इस अवसर पर रामकोला विधायक विनय प्रकाश गोंड ने कहा कि लोकतंत्र की असली मजबूती मतदाताओं की बढ़ती सक्रियता से होती है। उन्होंने भाजपा कार्यकताओं से लोकतंत्र के इस पर्व में पूर्ण निष्ठा और सक्रियता के साथ जुड़ने की अपील की। विधायक ने संगठनात्मक सुदृढ़ता, जनसंपर्क और सेवा कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। बैठकों में जिला उपाध्यक्ष विनोद भारती, जिला मंत्री अतुल श्रीवास्तव, मोनू सिंह, अवधेश पांडेय, सुधांशु पांडेय, अवध किशोर पांडेय और अरविंद सिंह समेत मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के मंडल संयोजक, सह-संयोजक एवं प्रवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# बाबागंज मे शुरू हुआ पंद्रह दिवसीय धनुषयज्ञ मेला

## वैदिक विधि विधान से हुआ मेले का भव्य उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। देश-विदेश तक प्रसिद्ध बाबा परमहंस कुट्टी पर लगभग एक माह तक चलने वाले राम विवाह धनुषयज्ञ मेला का भव्य उद्घाटन मंगलवार को किया गया। 25 नवम्बर मिती अगहन शुक्ल पक्ष पंचमी के दिन से प्रारम्भ इस ऐतिहासिक राम विवाह धनुषयज्ञ मेला का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राम निवास वर्मा विधायक नानपारा व विशिष्ट अतिथि जयप्रकाश सिंह ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज व चेयरमेन रुपईडीहा डॉ उमाशंकर वैश्य द्वारा पारम्परिक रीति रिवाज के अनुसार संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। उद्घाटन समारोह का समस्त कार्यक्रम राम जानकी मंदिर सेवा समिति व मेला कमेटी अध्यक्ष बाबादीन वर्मा की देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक श्री वर्मा ने कहा कि मेला धर्म और संस्कृति का अद्भुत संगम होता है जो हमे आपसी प्रेम और भाईचारे का सन्देश देता है। आधुनिक युग में भी मेले की प्रवित्रता बनाये रखने में हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी बनती है। मेले में भारतीय सभ्यता, सांस्कृतिक, मयार्दा, आचरण को सजोए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। तत्पश्चात ब्लॉक प्रमुख श्री सिंह ने कहा कि धनुष यज्ञ मेला सामाजिक सद्भाव, एकता और भाईचारे की मिसाल है। जो वर्षों से सभी समुदायों को जोड़ने का काम कर रहा है। वही चेयरमेन डॉ उमाशंकर वैश्य ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस मेले के धार्मिक व आध्यात्मिक महत्व के साथ ही आर्थिक महत्व भी है। इस दौरान मेला प्रभारी एडवोकेट सुरेश गुप्ता ने मेले का इतिहास व मान्यता पर जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक कौशल किशोर वर्मा ने किया। मेले में देश विदेश के कोने से अलग- अलग सामानो की दुकाने आई हुई है। उद्घाटन कार्यक्रम के इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा रमेश रावत, बाबागंज चौकी प्रभारी शिवेश शुक्ला सहित पेशकार पटेल, प्रधान फौजदार वर्मा, प्रमोद पटेल, एडवोकेट राम सागर वर्मा, वरिष्ठ पत्रकार संतोष मिश्रा, विनोद गिरि, हरिहर वर्मा, जवाहर लाल वर्मा, सत्येंद्र वर्मा, कैलाश नाथ वर्मा, राजीव वर्मा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# भारत-नेपाल सीमा पर चीनी नागरिक गिरफ्तार

## संवेदनशील स्थलों की तस्वीरें लेने का आरोप

अमन लेखनी समाचार




रूपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा एजेंसियों ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। भारतीय सीमा क्षेत्र में अवैध प्रवेश करने और संवेदनशील स्थानों की तस्वीरें लेने के आरोप में एक चीनी नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युमन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी बिना अनुमति नेपाल से भारतीय सीमा में करीब 200 मीटर अंदर तक घुस आया था। स्थानीय लोगों की सूचना पर एसएसबी और पुलिस की संयुक्त टीम ने उसे मौके पर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके मोबाइल फोन से सीमा चौकियों, बैरियर और आसपास के क्षेत्रों की कई तस्वीरें बरामद हुईं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शुरूआती पूछताछ में आरोपी अपने उद्देश्य को लेकर संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए उसके मोबाइल डेटा, लोकेशन इतिहास और संपर्कों की गहन जांच की जा रही है। साथ ही इंटेलिजेंस ब्यूरो (IB) और एसएसबी की टीमें भी पूछताछ में शामिल हो गई हैं। घटना के बाद सीमा क्षेत्र में रहने वाले स्थानीय लोगों ने सुरक्षा व्यवस्था और चौकसी और बढ़ाए जाने की मांग की है। पुलिस के अनुसार, संवेदनशील इलाकों में गश्त और सतर्कता बढ़ा दी गई है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके।

# जिले की दो सड़कों को टू लेन से फोर लेन बनाने की मिली मंजूरी

- सांसद डॉ आनंद गोंड का प्रयास लाया रंग रास्ता होगा सुगम
- एक सड़क के लिए 94 करोड़ जारी दूसरे का डीपीआर मांगा

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल

बहराइच। केंद्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद से ही जनपद में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है जिससे टू लाइन की सड़कों को फोर लाइन में बदला जा रहा है जिससे रास्ता और भी सुगम होता जा रहा है। बहराइच सांसद डॉक्टर आनंद कुमार गोंड ने 24 जुलाई 2025 को केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर दो सड़कों को टू लेने से फोर लेन में बदलने की मांग की थी जिस पर मंत्री ने मुहर लगाते हुए दोनों सड़कों के निर्माण की मंजूरी दे दी जिसमें एनएच 927 के बहराइच से रिसिया मोड खंड तथा नानपारा से रुपईडीहा तक की सड़क को टू लेन से फोर लेन में परिवर्तित किए जाने के लिए 94 करोड रुपए की धनराशि भी जारी हो गई है। वहीं दूसरी एनएच 730 के नवगढ़ सिद्धार्थ नगर जिले से बहराइच को टू लेन से फोर लेन में परिवर्तित किए जाने के लिए डीपीआर तैयार कर रिपोर्ट मांगी है। जिले की दोनों रोड टू लेने से फोर लेन में बनने की सूचना मिलते ही जनपद में खुशी की लहर दौड़ गई। सांसद डॉक्टर आनंद गोंड ने बताया कि दोनों टू लेने की रोड को फोरलेन रोड में परिवर्तित करने के लिए परिवहन मंत्री से पत्र सौंप कर मांग की थी जिसे मंजूरी मिल गई है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा जिससे जनपद वासियों का रास्ता सुगम होगा।

# भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का सदस्यता अभियान

## प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी ने व्यापारियों की एकजुटता पर दिया जोर

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, कूरेभार बाजार में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का सदस्यता अभियान चलाया गया। यह अभियान बाजार अध्यक्ष सुजीत कसौधन की अध्यक्षता और प्रभारी नीतीश अग्रहरि की अगुवाई में हुआ। इसमें भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और दर्जनों व्यापारियों को सदस्यता प्रमाण पत्र प्रदान किए। सदस्यता अभियान की शुरूआत करते हुए प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि किसी भी संगठन की मजबूती उसके सदस्यों की संख्या पर निर्भर करती है। उन्होंने पदाधिकारियों से जनपद में अधिक से अधिक सदस्य बनाने का आह्वान किया। त्रिपाठी ने जोर दिया कि व्यापारियों और उनके नेताओं को अपने हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष करना चाहिए। रवीन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि आजादी के बाद व्यापारियों के सम्मान पर ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकारों का उल्लेख किया, जिन्होंने व्यापारियों और उद्यमियों के हित में कई फैसले लिए। उन्होंने बताया कि वर्तमान केंद्र और प्रदेश सरकारें भी व्यापारियों के मान-सम्मान और उनकी समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दे रही हैं। त्रिपाठी ने संगठन के पदाधिकारियों से व्यापारियों की समस्याओं को जानने और उनके निदान के लिए प्रयास करने का आग्रह किया। प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी ने व्यापारी राकेश गुप्ता की हत्या के मामले पर भी बात की।

# शादी में गए परिवार के घर चोरी



- शिवगढ़ जलालपुर घाटमपुर गांव में लाखों के जेवर-नकदी पार

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, जिले के भेटुआ थाना क्षेत्र के शिवगढ़ जलालपुर घाटमपुर गांव में एक घर से लाखों के जेवर और नकदी चोरी हो गई। घटना उस समय हुई जब परिवार एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। पीड़ित अभिषेक यादव ने बताया कि वह अपनी पत्नी पूजा यादव के साथ अपने ननिहाल एक शादी समारोह में गए थे। सुबह जब वे घर लौटे, तो देखा कि मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे लाखों रुपये के जेवरात और आठ हजार रुपये नकद चुरा लिए। घर में कोई मौजूद न होने का फायदा उठाकर चोरों ने आराम से वारदात को अंजाम दिया। अभिषेक यादव ने तत्काल डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी और अमेठी कोतवाली में तहरीर दी।

प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

# 86 मरीजों का पंजीकरण हुआ

## गोसाईगंज पीएचसी में मुख्यमंत्री आरोग्य मेला आयोजित

संवाददाता



अमेठी जिला, गोसाईगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। यह मेला सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चला। इसकी अध्यक्षता प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. सुनीत राय ने की। मेले में सुबह से ही मरीजों की भीड़ देखी गई। यहां पहुंचे नागरिकों की विभिन्न बीमारियों की जांच कर चिकित्सकों ने उपचार प्रदान किया। सभी मरीजों को निःशुल्क दवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। महिला चिकित्सक ने गर्भवती महिलाओं की जांच की और उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श दिया। मेले में एएनएम, आशा कार्यकर्ता सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी, जिन्होंने सभी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किया। स्वास्थ्य विभाग के बीपीएम लाल मणि ने बताया कि कुल 86 मरीजों का पंजीकरण किया गया और उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिला। यह नियमित रूप से आयोजित होने वाला मेला ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# दबंगों ने पति-पत्नी को पीटा, महिला से छेड़छाड़

## गायों को लेकर विवाद, पति को पेशाब पिलाई, मामला दर्ज

अमन लेखनी समाचार




शाहजहांपुर, जिले के परौर थाना क्षेत्र में दबंगों ने एक दंपती पर हमला कर दिया था। आरोप है कि गायों को लेकर हुए विवाद में पति को लाठी-डंडों से पीटा गया और जूते में पेशाब भरकर जबरन पिलाई गई। पत्नी के साथ छेड़छाड़ कर उसे जमीन पर पटक दिया गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। यह घटना हरद्वारा गांव की है। पीड़िता फूलनदेवी पत्नी रामफल राठौर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सुबह 9 बजे गांव के उदयवीर सिंह पुत्र ऋषिपाल सिंह ने गौशाला से गायों को छोड़ दिया। एक गाय उनके घर में घुस गई। जब उनके पति रामफल ने उदयवीर को गाय घर में घुसने से मना किया, तो उदयवीर ने गाली-गलौज की और धमकी दी कि वे गायों को खुला रखेंगे। इसके बाद रामफल ने टोल फ्री नंबर 1076 पर गायों को गौशाला से छोड़ने की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को रफा-दफा कर दिया। अगले दिन शाम 4 बजे, फूलनदेवी और उनके पति रामफल खेत में आलू लगा रहे थे। तभी उदयवीर सिंह अपने चार अन्य साथियों के साथ लाठी-डंडे लेकर खेत पर आ गया। आरोपियों ने रामफल को लाठी-डंडों और लात-घूंसों से बेरहमी से पीटा। आरोप है कि उन्होंने रामफल के जूते में पेशाब भरकर जबरन पिलाई। उदयवीर सिंह ने फूलनदेवी का हाथ पकड़कर छेड़छाड़ की और उन्हें जमीन पर पटक दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। दबंगों ने शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। फूलनदेवी जब परौर थाने शिकायत दर्ज कराने जा रही थीं, तो उदयवीर ने उन्हें रास्ते में घेरकर गाली-गलौज की और घर भगा दिया। उनके पति रामफल इलाज के लिए शाहजहांपुर जिला अस्पताल गए हैं। फूलनदेवी की शिकायत पर 16 नवंबर 2025 को जांच के आदेश दिए गए और 22 नवंबर 2025 को पुलिस ने मामला दर्ज कर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है।

# ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का आयोजन

## बालिकाओं ने मारी बाजी, विधायक ने विजेताओं को किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, जनपद के कांट थाना क्षेत्र के मोहल्ला गढ़ी पूर्वी स्थित आयुष स्पोर्ट स्टेडियम में युवा कल्याण विभाग द्वारा ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता आयुष स्पोर्ट एकेडमी के तत्वावधान में संपन्न हुई। ददरौल विधायक अरविंद कुमार सिंह ने गुब्बारे उड़ाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान खेल प्रतियोगिता का संचालन प्रभारी राहुल उपाध्याय के नेतृत्व में हुआ। प्रतियोगिता में बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन किया। जूनियर वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता में वैष्णवी शर्मा प्रथम, नारायणी मिश्रा द्वितीय और शिवानी तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं, बालिका वर्ग की 800 मीटर दौड़ में आस्था मिश्रा ने पहला, अनिष्ठा ने दूसरा और श्यामा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग की 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में शोभित शर्मा प्रथम, ब्रजेश कुमार द्वितीय और रामकृष्ण तीसरे स्थान पर रहे। सौ मीटर बालिका वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता में जारा प्रथम, शिवा द्वितीय और कोमल तीसरे स्थान पर रहीं। इसके अतिरिक्त, कई अन्य खेलों का भी आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ददरौल विधायक अरविंद कुमार सिंह ने अपने संबोधन में बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों पर भी ध्यान देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि खेल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं। विधायक ने सभी विजेता बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में संजीव मिश्रा ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

# ख्रीस्त राजा पर्व पर सुल्तानपुर में प्रार्थना सभा

## सुल्तानपुर जोन ने किया आयोजन, चार जिलों के श्रद्धालु हुए शामिल

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सिविल लाइन स्थित सेंट पॉल चर्च में ख्रीस्त राजा के पवित्र पर्व पर एक प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। सुल्तानपुर जोन द्वारा आयोजित इस सभा में अमेठी, अम्बेडकरनगर, अयोध्या और सुल्तानपुर सहित चार जिलों से आए फादर्स, सिस्टर्स, ब्रदर्स और बड़ी संख्या में प्रभु यीशु के विश्वासियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत पवित्र संस्कार के सामने स्तुति और आराधना से हुई। इसके बाद भक्तों ने पश्चाताप संस्कार ग्रहण किया। तत्पश्चात पवित्र यूखरिस्तीय बलिदान संपन्न हुआ। इस प्रार्थना सभा में इलाहाबाद के चांसलर फादर इसीडोर डिसूजा, सुल्तानपुर जोन के डीन फादर रेमंड डिसूजा और सेंट पॉल चर्च सुल्तानपुर के पैरिश प्रीस्ट फादर डेमियन गोम्स शामिल हुए। प्रार्थना सभा के बाद, सभी भक्तों ने सेंट पॉल चर्च, सुल्तानपुर के प्रांगण से एक जुलूस निकाला। यह जुलूस शहर के विभिन्न हिस्सों से होकर पुनः सेंट पॉल चर्च परिसर में समाप्त हुआ। इस जुलूस ने क्षेत्र में एकता, प्रेम, शांति और भाईचारे का संदेश दिया।

# ओवरलोड वाहनों से वसूली, अमेठी एआरटीओ ऑफिस संदिग्ध

## रायबरेली पुलिस की जांच में कर्मचारियों की संलिप्तता सामने आई

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, उत्तर प्रदेश में ओवरलोड वाहनों से अवैध वसूली के मामले में अमेठी एआरटीओ कार्यालय के कर्मचारियों की संलिप्तता सामने आई है। ये कर्मचारी यूपी एसटीएफ और पड़ोसी जिले रायबरेली पुलिस के रडार पर हैं। रायबरेली के डीह थाने में दर्ज एक एफआईआर में अमेठी, प्रतापगढ़ और रायबरेली के सरकारी कर्मचारियों को आरोपी बनाया गया है। डीह थाना पुलिस जल्द ही इस मामले की विवेचना के तहत पूछताछ के लिए अमेठी के कर्मचारियों को बुला सकती है। इस खबर के बाद अमेठी एआरटीओ कार्यालय में हड़कंप मच गया है। रायबरेली पुलिस के साथ-साथ अमेठी पुलिस भी मिली जानकारी के आधार पर ऐसे लोगों की जांच-पड़ताल में जुटी है। रायबरेली जिले के डीह थाने में 18 नामजद और 5 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इस एफआईआर में अमेठी निवासी मोटर मालिक शिवम शुक्ला का नाम सामने आया है। इसके अलावा, अमेठी में एक सरकारी कर्मचारी के 'खास लोकेटर' भूपेंद्र के नाम की भी चर्चा है। अमेठी पुलिस फिलहाल शिवम और भूपेंद्र के बारे में जानकारी जुटा रही है। रायबरेली पुलिस की जांच में अमेठी एआरटीओ कार्यालय के 3 से 4 कर्मचारियों के नाम भी सामने आने की बात कही जा रही है।

## संक्षेप

### सीएमओ ने गलत ऑपरेशन में गठित की जांच टीम

**आयुष्मान हॉस्पिटल में दाहिने जबड़े की जगह कर दिया था बाएं जबड़े का ऑपरेशन**

मेरठ, आयुष्मान अस्पताल में जबड़े का गलत ऑपरेशन करने के मामले में सीएमओ डॉ अशोक कटारिया द्वारा जांच टीम गठित कर दी गई है । उनका कहना है कि जांच के आधार पर ही कार्रवाई की जाएगी। परिजनों द्वारा आरोप था कि दाहिने की जगह मरीज के बांए जबड़े का ऑपरेशन कर दिया गया। सीएमओ डॉ अशोक कटारिया ने बताया कि मामला दांत से जुड़ा है इसलिए जांच टीम में एक डेंटल सर्जन और एक सीएमओ ऑफिस से एसीएमओ डॉ महेश चंद्र को नामित किया गया है। इन्हीं के द्वारा सौंपी जाने वाली जांच के आधार पर कार्रवाई होगी। हसनपुर कला निवासी मरीज हिमांशु के परिजनों ने बताया था कि कुछ दिन पहले उनके मरीज का एक्सीडेंट होने के कारण उसका इलाज आयुष्मान हॉस्पिटल में चल रहा था। इसमें उसके दाहिने जबड़े का ऑपरेशन होना था। डॉक्टरों ने लापरवाही से इलाज करते हुए मरीज के बाएं जबड़े का ऑपरेशन कर दिया था। इसमें शिकायत के आधार पर सीएमओ द्वारा जांच टीम गठित की गई है।

### देश का पांचवा प्रदूषित शहर बना मेरठ

**साफ हवा में सांस लेना बना चुनौती, लगातार सांस के मरीज बढ़ रहे**

मेरठ, एनसीआर क्षेत्र लगातार बढ़ता वायु प्रदूषण निरंतर खतरनाक स्तर पर बना हुआ है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार पिछले 24 घंटों में एक्यूआई में हल्का सुधार दर्ज किया गया है। इसी वजह से मेरठ देश के दूसरे सबसे प्रदूषित शहर से खिसककर पांचवें स्थान पर आ गया है, लेकिन हालात अब भी बेहद चिंताजनक हैं। शहर में एक्यूआई लाल श्रेणी में बना हुआ है, जो गंभीर प्रदूषण को दशार्ता है। बढ़ते प्रदूषण स्तर के कारण शहरवासियों को शुद्व हवा का बड़ा संकट झेलना पड रहा है। इस कारण दमा, सांस की बीमारी, आँखों में जलन और फेफड़ों के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। जिला अस्पताल और मेडिकल की ओपीडी में पिछले 15 दिन में बड़ी संख्या में इजाफा हुआ है।

### महिला को ब्लैकमेल करने वाला गिरफ्तार

**पीड़िता ने लगाई थी आग, इलाज के दौरान मौत; पति की तहरीर पर केस दर्ज**

गाजियाबाद , थाना लोनी बॉर्डर पुलिस ने ब्लैकमेलिंग और आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में फरार चल रहे आरोपी विपिन को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पीड़िता कोमल देवी को वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लगातार ब्लैकमेल कर रहा था। इसी मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर युवती ने पार्क में खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली थी। गंभीर रूप से झुलसी पीड़िता को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# शहनाई बजने के दो दिन पहले लेखपाल ने कर ली आत्महत्या

## उप जिलाधिकारी समेत कानूनगो की प्रताड़ना का परिजन लगा रहे आरोप

**अमन लेखनी समाचार**

बिंदकी, फतेहपुर। प्रशासन से आहत होकर एक कर्मचारी ने फिर अपनी बलि चढ़ा दी जनपद के बिंदकी तहसील अंतर्गत सुल्तानगढ़ गांव में तैनात लेखपाल 40 वर्षीय सुधीर कुमार ने अपने वैवाहिक जीवन की शुरूआत होने के मात्र 2 दिन पहले फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली यह सूचना जैसे ही क्षेत्र में फैली तो समूचे क्षेत्र में गम का माहौल छा गया परिजनों ने बताया कि वर तथा कन्या दोनों पक्षों में शादी की तैयारीयां चल रही थी हल्दी मेहंदी वाले दिन ईआरओ उप जिलाधिकारी तथा कानूनगो से पीड़ित होकर लेखपाल सुधीर कुमार ने आत्महत्या कर ली परिजनों ने आरोप लगाते हुए बताया कि विगत काफी दिनों से कानूनगो लेखपाल सुधीर कुमार को धमकी देता रहा तथा हाल ही में जबरन आरोप लगाकर उसे निलंबित भी कर दिया था इसके बाद भी मीटिंग में न पहुंचने पर मृतक सुधीर कुमार लेखपाल की क्लास लगाई गई जहां मृतक लेखपाल ने बताया कि उसका स्वयं का विवाह कार्यक्रम 26 नवंबर को संपन्न हो रहा है जिसकी तैयारियां के कारण वह बैठक में शामिल नहीं हो सका इसके बाद भी लगातार धमकियां मिलती रही वही विगत दिवस सुबह पहर लगभग 6:30 बजे कानूनगो लेखपाल के पास आया और पुनः नौकरी से हाथ धो बैठने की धमकी दी जिसकी धमकी से आहत होकर लेखपाल सुधीर कुमार ने कुछ वातार्लाप अपने परिजनों से



की और इसके बाद कमरे में जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली यह जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली तो घर में कोहराम मच गया वहीं जानकारी मिलते ही क्षेत्र के अन्य समाज सेवी जन वीरांगना झलकारी बाई समाज सेवा समिति के संस्थापक नरेश कोरी भी मौके पर पहुंचे तथा परिजनों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार संस्थापक नरेश कोरी ने उप जिलाधिकारी तथा कानूनगो के ऊपर कड़ी कार्यवाही करने के लिए प्रशासन से मांग की वहीं परिजनों समेत जनप्रतिनिधियों ने कहा कि जब तक बिंदकी उप जिलाधिकारी तथा कानूनगो के ऊपर कड़ी कार्रवाई ,पीड़ित के परिजनों को 50 लाख का मुआवजा ,परिवार के एक सदस्य को नौकरी नहीं मिलेगी तब तक मृतक का शव की अग्रिम कार्रवाई नहीं की जाएगी देर शाम खबर लिखते समय तक मृतक का शव उसके निज निवास पर ही सुरक्षित रखा है तथा प्रशासनिक अधिकारियों का परिजनों को इंतजार है

# चलती कार में भीषण आग

## कौशांबी के साधु चला रहे थे कार, आग लगते ही छोड़कर भागे; गाड़ी पूरी जल गई

**अमन लेखनी समाचार**

प्रयागराज, चलती कार में अचानक आग लगने से अफरातफरी मच गई। कार में सवार साधु बोनट से धुआं उठते ही गाड़ी से बाहर निकल गए।

हालांकि इस दौरान उन्होंने कार से अपना सामान भी निकाल लिया। वह दौड़ते हुए दूर भागे तब तक आग लपटों से घिर गई।

आसपास के लोगों ने पुलिस और फायर सर्विस को फोन किया। दमकल ने पहुंच आग पर काबू पाया लेकिन तब तक कार पूरी तरह जल गई थी। हादसा शहर के तेलियरगंज इलाके में आर्मी छावनी रसूलाबाद घाट मार्ग पर हुआ। कार में भीषण आग से देख आसपास के लोग जमा हो गए। गमीमत रही कि कार सवार वक्त पर गाड़ी छोड़कर हट गए थे। पुलिस मामले में पूछताछ कर रही है। जिस कार में आग लगी वह रिनॉल्ड क्वीट है। कौशांबी



जिले के मंझनपुर थाना क्षेत्र के यदुवीरपुर के रहने वाले बाबा महेंद्र महेंद्र कुमार मिश्र कार चला रहे थे। कार बैक करते वक्त अचानक आग लग गई। रविवार को भी प्रयागराज शहर में एक कार जल गई थी। इससे पहले कानपुर हाईवे पर चलती कार में आग लग गई थी।

# युवक पर जानलेवा हमला करने वाला गिरफ्तार

## फोन कर छात्र को घर से बाहर बुलाया, मारपीट के दौरान पेट में मारी गोली

**अमन लेखनी समाचार**




गाजियाबाद , गाजियाबाद के थाना लोनी बॉर्डर पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीड़ित परिजनों ने तहरीर देकर बताया था कि उनके बेटे कुनाल को गोली मार दी गई है पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद एफ आई आर दर्ज की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने टीम का गठन किया और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी गईं। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर विपिन को गिरफ्तार कर लिया। विपिन ( 24 ) ने पूछताछ में बताया कि मेरी इलाके में कम्युनिकेशन की दुकान है राहुल और अमन मेरी दुकान पर आए और मेरे फोन से कुणाल को कॉल कर घर से बाहर बुलाया, कुणाल से हमारी मारपीट शुरू हो गई इसी बीच राहुल ने कुणाल को गोली मार दी। फिलहाल विपिन ने को कुणाल को गोली मारी जाने की वजह नहीं पता है पुलिस का कहना है कि अमन और राहुल की गिरफ्तारी के बाद ही घटना की सच्चाई सामने आएगी।पुलिस राहुल और अमन प्रजापति की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ एक मुकदमा दर्ज है,

# ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को रौंदा

## हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से हुआ फरार, पुलिस ने शव मोर्चरी भिजवाए

**अमन लेखनी समाचार**

मेरठ, बागपत रोड पर बेकाबू ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को रोंद दिया। मौके पर ही दोनों युवकों की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। पुलिस का कहना है कि ट्रक को ट्रेस कर लिया गया है। दोनों युवकों के परिजनों को सूचना देकर शव पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिए गए हैं। बागपत रोड शेखपुरा निवासी 35 वर्षीय जितेंद्र पुत्र पीतम सिंह सुभारती यूनिवर्सिटी के पास चाऊमीन का ठेला लगाता था। रविवार सुबह जितेंद्र अपने दोस्त 30 वर्षीय प्रवीण पुत्र रामफल के साथ दुकान से वापस घर लौट रहा था। दोनों बाइक पर सवार थे। पीछे बैठे प्रवीण के हाथ में एक थैला था। बागपत रोड पर मलियाना पुलिस चौकी के निकट दोनों ट्रक की चपेट में आ गए। प्रवीण के सिर के ऊपर




से ट्रक का पहिया उतर गया जबकि जितेंद्र का सिर जमीन से टकराया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। जिस वक्त यह हादसा हुआ,उस वक्त आसपास काफी कम लोगों की मौजूदगी थी।

जिसका फायदा उठाकर ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। कुछ लोगों ने उसका पीछा किया लेकिन वह हाथ नहीं आया। वहां रुके कुछ लोग दोनों को संभालने लगे लेकिन तब तक दोनों दम तोड़ चुके थे। देखते ही देखते वहां

जाम लग गया। वाहनों की एक किलोमीटर तक कतार लग गईं। सूचना पर टीपीनगर थाना पुलिस पहुंची और परिजनों को सूचना दी। रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे, जिसके बाद शवों को मोर्चरी भिजवा दिया गया। प्रवीण और जितेंद्र की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

# नफीस हत्याकांड के दो आरोपी गिरफ्तार

## बागपत में पीट-पीटकर मारडाला थी, बाकी की तलाश जारी

**अमन लेखनी समाचार**

बागपत, नफीस हत्याकांड में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। नफीस की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पहले भी एक आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। यह घटना बागपत शहर कोतवाली क्षेत्र में हुई थी। नफीस अपनी मां के जनाजे में शामिल होने के बाद कब्रिस्तान से वापस लौट रहा था, तभी उसके परिवार के लगभग आधा दर्जन लोगों ने उस पर हमला कर दिया था। इस हमले में नफीस की मौत हो गई थी। जानकारी के अनुसार, नफीस ने अपने चचेरे भाई की पत्नी से शादी की थी, जिसके कारण परिवार में रंजिश चल रही थी। इसी रंजिश के चलते उसकी हत्या की गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। चेकिंग अभियान के दौरान रहीस और शमीम नामक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। शहर कोतवाली प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी ने बताया कि नफीस की हत्या में शामिल दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है और बाकी फरार आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।



# ट्रैफिक रूल्स के लिए चलाया जागरूकता अभियान

- **एनसीसी के छात्रों ने लोगों को दी नियमों की जानकारी**

**अमन लेखनी समाचार**

जेवर, ऑक्सफोर्ड ग्रीन पब्लिक स्कूल पीपलका के एनसीसी छात्रों ने बिलासपुर कस्बे में सड़क सुरक्षा पर जागरूकता बढ़ाने के लिए नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इस नाटक के माध्यम से सीट बेल्ट, हेलमेट पहनने, ओवरस्पीडिंग से बचने और शराब पीकर गाड़ी न चलाने जैसे यातायात नियमों के पालन का संदेश दिया गया। छात्रों ने बताया कि ट्रैफिक नियमों का पालन केवल चालक की नहीं, बल्कि उसके परिवार और आसपास के लोगों की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है। प्रस्तुति के दौरान पुलिस अधिकारी टीएसआई भंवर सिंह और ट्रैफिक हवलदार शुभम कुमार भी उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों के प्रयासों की सराहना की और लोगों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की। अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि अधिकतर सड़क हादसे लापरवाही और नियमों की अनदेखी के कारण होते हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपा भट्ट ने भी छात्रों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे नशे में वाहन न चलाएँ, गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें और शॉर्टकट लेने से बचें। इस कार्यक्रम में पीटीआई सुभाष नागर, एएनओ रूपेश कुमार, ज्योति बंसल और रीना शर्मा सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।





# मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण में लापरवाही

## बीएलओ और 7 सुपरवाइजर पर एफआईआर दर्ज, एसडीएम ने दिए आदेश

**अमन लेखनी समाचार**

गौतम बुद्ध नगर, जिला प्रशासन ने मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) में लापरवाही बरतने पर बड़ी कार्रवाई की है। जिले में कुल 60 बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) और 7 सुपरवाइजरों के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 32 के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत, जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी मेधा रूपम के नेतृत्व में जनपद में 4 नवंबर 2025 से 4 दिसंबर 2025 तक विधानसभा क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष सघन पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्य में लापरवाही बरतने पर कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। इसी कड़ी



में उप जिलाधिकारी सदर/ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने विधानसभा क्षेत्र 62-दादरी में पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही, उदासीनता और उच्च अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने वाले 32 बीएलओ और 1 सुपरवाइजर के खिलाफ ईकोटेक वन, ग्रेटर नोएडा थाने में एफआईआर दर्ज कराई। उप जिलाधिकारी दादरी/ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने विधानसभा क्षेत्र 61-नोएडा में विशेष पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही और उच्च अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना करने वाले 11 बीएलओ और 6 सुपरवाइजर के खिलाफ दादरी थाने में एफआईआर दर्ज कराई। वहीं, उप जिलाधिकारी जेवर/ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने विधानसभा क्षेत्र 63 के अंतर्गत पुनरीक्षण कार्य न करने, लापरवाही बरतने और उच्च अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना करने वाले कुल 17 बीएलओ के खिलाफ जेवर थाने में एफआईआर दर्ज कराई। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# किसानों की समस्याओं पर भारतीय किसान यूनियन ने दी चेतावनी

## जेवर एयरपोर्ट प्रभावितों के रोजगार, मुआवजे को लेकर आंदोलन की तैयारी

**अमन लेखनी समाचार**



ग्रेटर नोएडा , मूंजखेड़ा गांव में किसान यूनियन (महासभा) का संगठन विस्तार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता भाटी ने किसानों की समस्याओं पर स्थानीय प्राधिकरणों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए बड़े आंदोलन की चेतावनी दी। श्रीमती भाटी ने विशेष रूप से जेवर एयरपोर्ट से प्रभावित किसानों को रोजगार न मिलने और 64 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजे के लंबित होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यदि किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ, तो संगठन आंदोलन के लिए मजबूर होगा। यह कार्यक्रम ग्रामवासी सुरेंद्र कसाना के आवास पर संपन्न हुआ। इसकी अध्यक्षता अत्रण ठेकेदार ने की, जबकि प्रदेश उपाध्यक्ष सादिक खान ने संचालन किया। कार्यक्रम में ग्रामीणों, किसानों और मजदूरों की भारी भीड़ ने संगठन के प्रति अपना समर्थन जताया। संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से कई नई नियुक्तियां भी की गईं। इनमें आदेश कसाना, सुलेंद्र कसाना और प्रताप कसाना सहित कई युवाओं और कार्यकताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने संगठन की सदस्यता भी ग्रहण की। आयोजकों ने बताया कि आने वाले दिनों में अन्य गांवों में भी इसी तरह के विस्तार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# निमार्णाधीन बिल्डिंगों से सामान चोरी करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

## नोएडा में अवैध हथियार और कार बरामद, इंटेलिजेंस सूचना पर हुई कार्रवाई

**अमन लेखनी समाचार**

गौतम बुद्ध नगर, नोएडा की थाना फेस-2 पुलिस ने बंद पड़ी निमार्णाधीन बिल्डिंगों से सामान चोरी करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए 48 पीवीसी जिप्सम सीलिंग टाइल्स के बॉक्स, अवैध हथियार और घटना में प्रयुक्त एक कार बरामद की है। पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई की। रेकी के बाद निमार्णाधीन बिल्डिंगों से सामान चोरी करने वाले आरोपियों को एनएसईजेड मेट्रो के पास सर्विस रोड से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान गुलशनोवर, सोनू खान, सचिन और विशाल चौधरी उर्फ विशू के रूप में हुई है। एडीसीपी सेंट्रल नोएडा सन्तोष



कुमार ने बताया कि गुलशनोवर और सोनू खान के कब्जे से एक-एक अवैध चाकू बरामद हुआ है। इसके अलावा, आरोपियों के पास से चोरी किए गए 48 पीवीसी जिप्सम सीलिंग टाइल्स के बॉक्स और वारदात में इस्तेमाल की गई वैगनआर कार भी जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी पहले बंद पड़ी निमार्णाधीन बिल्डिंगों की रेकी करते थे और मौका पाकर रात के अंधेरे में कीमती सामग्री चोरी करते थे। चोरी का सामान वे अपने साथी की वैगनआर कार में लादकर फरार हो जाते थे। पकड़े जाने के डर से आरोपी लगातार अपना ठिकाना बदलते रहते थे। उनका कोई निश्चित ग्राहक नहीं था; वे चोरी का माल वहीं बेचते थे जहाँ उन्हें अधिक कीमत मिलती थी।

# जल निगम के खिलाफ लोगों का प्रदर्शन

- **बोले-पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़कें तोड़ी, अब बनवा नहीं रहे हैं**

**अमन लेखनी समाचार**

बागपत, शहर में जल निगम के खिलाफ स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा किया। लोगों ने पानी की पाइपलाइन बिछाने और मरम्मत के काम में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जल निगम के कर्मचारियों का काम रोक दिया। प्रदर्शनकारियों ने अधिकारियों पर सड़कों को तोड़कर बिना मरम्मत छोड़े जाने और गंदगी फैलाने का आरोप लगाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि जल निगम द्वारा शहर में पानी की पाइपलाइनों के नवीनीकरण, मरम्मत और नई पाइपलाइन बिछाने का काम चल रहा है। इन कार्यों के दौरान सड़कों को तोड़ दिया गया है, लेकिन उनकी मरम्मत नहीं की जा रही है। इससे पूरे इलाके में गंदगी फैल रही है और लोगों को आने-जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि अधिकारियों को कई बार शिकायत करने के बावजूद काम में तेजी नहीं लाई गई। लोगों को राहत देने के बजाय उन्हें और परेशानियों में डाला जा रहा है। उन्होंने घनश्याम दास मार्ग का उदाहरण देते हुए कहा कि यह सड़क आज भी बदहाल है और इस पर चलना मुश्किल हो गया है। होली चौक से शहर के मुख्य मार्ग पर जल निगम के कर्मचारियों द्वारा काम शुरू करते ही लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने हंगामा करते हुए काम रुकवा दिया और अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि सभी कार्य निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार किए जाएं और लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।



# स्थिरता प्रदर्शनी का विधायक सुरेश पासी ने किया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार



अमेठी। जगदीशपुर ब्लॉक के ग्राम बुबूपुर में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित 'स्थिरता प्रदर्शनी' का शुभारंभ शनिवार को विधायक सुरेश पासी और ब्लॉक प्रमुख राजेश विक्रम सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। पांच दिवसीय प्रदर्शनी 23 से 28 नवम्बर तक चलेगी। आयोजन ध्वनि फाउंडेशन और बाबा हरिदास लक्ष्मी नारायण जूनियर हाई स्कूल के सहयोग से किया जा रहा है। प्रदर्शनी में सरकारी योजनाओं, विकास कार्यों और लोककल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी विभागीय स्टॉलों के माध्यम से आमजन को दी जा रही है। विधायक सुरेश पासी ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि योजनाओं की पारदर्शी जानकारी सीधे जनता तक पहुँचे। ब्लॉक प्रमुख राजेश विक्रम सिंह ने कहा कि इस तरह की प्रदर्शनियां ग्रामीण स्तर पर जनजागरूकता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम हैं। दोनों जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया और अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी ली। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, पत्रकार, शिक्षक, ध्वनि फाउंडेशन के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में शिवकरण तिवारी, रामउजागीर तिवारी, विश्वनाथ तिवारी, गया प्रसाद तिवारी, विजय तिवारी, आदित्य नारायण तिवारी, सिराज अहमद, सिद्दीक खान, राकेश पांडेय, हरि प्रताप सिंह, अरुण तिवारी, राम निवाज ओझा, कल्लू निहालपुर, लतीफ खान, प्रिंसु शुक्ला, भगवत प्रसाद, राजन गुप्ता, गोपाल तिवारी, बृजेश पाठक, सौरभ पाठक सहित अनेक लोगों का योगदान रहा। प्रदर्शनी को लेकर क्षेत्रवासियों में उत्साह देखा गया। ग्रामीणों ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों पर जाकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। आयोजन का उद्देश्य सरकारी योजनाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाना और उन्हें लाभार्थी बनने के लिए प्रेरित करना है।

# ठंड में स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरे खिले

**प्रयास बच्चों की पाठशाला में बाटे गए निःशुल्क स्वेटर**

अमन लेखनी समाचार

चोपन (सोनभद्र)। रविवार, 23 नवम्बर 2025 को प्रयास सामाजिक सेवा समिति एवं ग्रामीण पत्रकार एशोसिएशन उ.प्र. ने ठंड से जरूरत मंद बच्चों को बचाने की मुहिम में निःशुल्क स्वेटर वितरण कार्यक्रम 2025 की शुरूआत की। प्रथम चरण में ग्रामीण पत्रकार एशोसिएशन उ.प्र. के प्रदेश संगठन मंत्री और सामाजिक संस्था प्रयास सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष अजय भाटिया ने अपने सहयोगियों राम चन्द्र, वृजेश तिवारी जूली और अमर शर्मा के साथ प्रयास बच्चों की पाठशाला सेवा केन्द्र रजधन सोनभद्र पहुंच कर सभी बच्चों के बीच स्वेटर एवं पैजामी आदि का वितरण किया। इस अवसर पर पाठशाला की संचालिका कु. पुष्पांजलि ने अतिथियों का स्वागत किया। संस्था के अध्यक्ष अजय भाटिया एवं उपाध्यक्ष वृजेश तिवारी ने प्रयास के उद्देश्यों एवं शिक्षा की आवश्यकता और उसके महत्व पर प्रकाश डाला। स्वेटर पाकर बच्चों के



चेहरे खिल उठे। स्वेटर वितरण के क्रम में आगामी 26 नवम्बर को सरस्वती शिशु मंदिर प्रीत नगर चोपन और 28 नवम्बर को सोन बाल विद्यालय चोपन में स्वेटर वितरण किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि प्रयास सामाजिक सेवा समिति वर्ष 2011 से ही प्रतिवर्ष जरूरत मंद बच्चों के बीच स्वेटर वितरण कर रही है और वर्ष 2025 सेवा का 15 वा वर्ष है।

# अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना दुद्धी एवं थाना म्योरपुर पर अर्दली रूम आयोजित

**विभिन्न बिंदुओं पर दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन सोनभद्र त्रिभुवननाथ त्रिपाठी द्वारा थाना दुद्धी एवं थाना म्योरपुर पर अर्दली रूम आयोजित किया गया। अर्दली रूम के दौरान एएसपी ऑपरेशन द्वारा थाना स्तर पर लंबित विवेचनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित विवेचकों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही प्राप्त जनशिकायतों की त्वरित सुनवाई कर उचित जांच एवं विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु भी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। अधिक समय से लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण, वांछित अभियुक्तों/वारंटियों की गिरफ्तारी, आईजीआरएस एवं शिकायती प्रार्थना पत्रों के त्वरित निस्तारण, मोबाइल रिकवरी, साइबर अपराधों तथा एनबीडब्ल्यू के संबंध में प्रभावी कार्रवाई करने हेतु स्पष्ट निर्देश दिए गए। एएसपी ऑपरेशन ने रात्रिकालीन गश्त को सुदृढ़ करते हुए चौराहों/तिराहों पर चेकिंग बढ़ाने एवं अपराधियों के संचरण पर रोक लगाने हेतु बीट गतिविधियों को मजबूत करने पर भी बल दिया। अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी/क्रय-विक्रय में शामिल व्यक्तियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई करने, थाना मालखाना निस्तारण में गति लाने तथा महिला संबंधी अपराधों में त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु ‍मिशन शक्ति‍ अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश भी दिए गए। मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन से जुड़ी गतिविधियों—महिला हेल्पडेस्क सक्रियता, जनजागरूकता कार्यक्रम, संभावित पीड़ितों से संपर्क एवं बीट पुलिसिंग—को प्राथमिकता के साथ क्रियान्वित करने पर जोर दिया गया। शासन एवं उच्चाधिकारीगण द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों तथा प्रचलित अभियानों के अनुपालन में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरतने एवं सभी कार्यों को गंभीरता, तत्परता एवं प्रोफेशनल दक्षता के साथ संपन्न करने हेतु कड़े निर्देश प्रदान किए गए।

**खास समाचार**

# गाजीपुर वाराणसी हाईवे पर वेद इंटरनेशनल स्कूल के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलटा बिहार जा रहा गिट्टी लदा ट्रेलर, खलासी घायल, चालक फरार

अमन लेखनी समाचार



गाजीपुर जिले में सैदपुर थानाक्षेत्र के बासूपुर स्थित वेद इंटरनेशनल स्कूल के पास तेज रफ्तार गिट्टी लदा ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। जिसके चलते उसमें सवार खलासी घायल हो गया, वहीं चालक बाल-बाल बच गया। मौके पर पहुंची भीड़ ने पुलिस को सूचित कर खलासी को फौरन बाहर निकाल लिया। इसके बाद घायल को अस्पताल भेजा गया। वहीं चालक घटना के दौरान कूदकर मौके से फरार हो गया। बिहार के सीवान स्थित हुसैनगंज के मउअल बाजार निवासी 19 वर्षीय सूरज कुमार पुत्र संजय उक्त ट्रेलर पर चालक हरेंद्र कुमार के साथ खलासी का काम करता था। उक्त ट्रेलर रविवार को छोटी गिट्टी लादकर बिहार जा रहा था। इस बीच रविवार की सुबह करीब 11 बजे ट्रेलर बासूपुर पहुंचा था। घायल खलासी ने बताया कि वो मोबाइल चला रहा था कि तभी अचानक ट्रेलर अनियंत्रित हो गया और जब तक मैं कुछ समझकर अपना बचाव कर पाता, ट्रेलर सड़क किनारे पलट गया और चालक कूदकर फरार हो गया। घटना में केबिन में फंसकर खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर भीड़ जुट गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को निकालकर अस्पताल भेजा।

# पेयजल की पाइप टूटने से सैदपुर नगर में चल रहे अडानी गैस पाइप लाइन का कार्य रूका

अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर जिले के सैदपुर नगर में अडानी गैस कंपनी के लिए नगर में सीएनजी पाइपलाइन परियोजना के तहत गैस पाइपलाइन बिछाने के कार्य करने से नगर पंचायत ने विचित्रा कंस्ट्रक्शन को रोक दिया है। इस कार्य के दौरान नगर पंचायत की पटरियों को तोड़कर अंडरग्राउंड होल के दौरान नगर पंचायत की पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिसके चलते नगर पंचायत ने नोटिस जारी कर पाइपलाइन के कार्य को रोक दिया। नगर पंचायत ने कार्यदायी संस्था से नगर पंचायत की क्षतिग्रस्त हुई पटरियों और पेयजल पाइपलाइन की क्षतिपूर्ति के लिए 52 हजार रूपए की मांग की है। जिस पर शनिवार को सैदपुर पहुंचे जिलाधिकारी से कंपनी के कर्मचारी मिले और कार्य शुरू कराने की अनुमति मांगी। इस पर डीएम ने पास में मौजूद नगर पंचायत के प्रभारी अधिशासी अधिकारी रामेश्वर सुधाकर से वार्ता कर क्षतिपूर्ति का धन जमा कराने अथवा उसके संबंध में शपथ पत्र देने को कहा। तब तक कंपनी को गैस पाइपलाइन का काम नहीं करने का निर्देश दिया। मामले में नगर पंचायत के लेखा लिपिक ने बताया कि गैस पाइपलाइन के होल के दौरान पेयजल सप्लाई की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हुई है। जिसके कारण उक्त क्षेत्र में पेयजल की सप्लाई प्रभावित हुई है। यही कारण है कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर गैस पाइपलाइन का काम रोकने के लिए कहा गया है।



# जंगल में लकड़ी काट रहे पेड़ से गिरे नाबालिक की हालत गंभीर



**पेड़ से गिरने से पेट में घुसा खूंटा हमीरपुर रिफर**

अमन लेखनी समाचार

जाफरगंज, फतेहपुर। जनपद के जाफरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव बारा निवासी राकेश निषाद का मंझिला पुत्र 11 वर्षीय सूरज की जंगल में लकड़ी काटते समय बबूल के पेड़ से नीचे गिर जाने से हालत गंभीर हो गई मिली जानकारी के अनुसार पिता राकेश दूसरे प्रांत अहमदाबाद सूरत में मजदूरी करते हुए अपने तीन पुत्र तथा एक पुत्री समेत पत्नी लक्ष्मी का भरण पोषण करता है घर में खाना बनाने हेतु ईंधन की आवश्यकता के लिए मां लक्ष्मी के साथ 11 वर्षीय सूरज गांव के जंगल में लकड़ी लेने गया था जहां एक बबूल के पेड़ में चढ़कर लकड़ी काट रहा था अचानक डाल टूटने से सूरज नीचे गिर गया जहां नीचे जमीन पर गड़े एक बबूल के खूंटे के ऊपर गिरने से खूंटा पेट में घुस गया आनंद-फानन मां लक्ष्मी ने शोर मचाया आसपास के लोग पहुंचे तथा घायल सूरज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली पहुंचाया गया अस्पताल परिसर में मौजूद चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के पश्चात आनन फानन नजदीकी जनपद हमीरपुर के सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया देर शाम शाम जानकारी लेने पर विदित हुआ कि बच्चे की हालत में अभी तक कुछ ज्यादा सुधार नहीं है फिर हाल उपचार चल रहा है

# नालासोपारा में अलग-अलग तीन जगहों पर आग लगने की हुई घटनाएँ

वसई। नालासोपारा में रविवार को तीन अलग-अलग स्थानों पर आग लगने की घटनाएँ सामने आईं, लेकिन वसईझविरार शहर महानगरपालिका के अग्निशमन विभाग की कार्रवाई के चलते तीनों मामलों में बड़ी दुर्घटनाएँ टल गईं। विभाग की तेज प्रतिक्रिया, मौके पर पहुंचते ही स्थिति का आकलन और तुरंत बचाव अभियान शुरू किए जाने की प्रशंसा स्थानीय स्तर पर की जा रही है। पहली घटना नालासोपारा पश्चिम के निळेगाव स्थित रिलायबल कॉम्प्लेक्स के पास हुई, जहाँ सुदर्शन जनरल स्टोअर में शॉर्टसर्किट से आग लग गई। रात 1:58 बजे सूचना मिलते ही उप अग्निशमन केंद्र श्रीप्रस्था की टीम मौके पर पहुंची और बिजली आपूर्ति बंद कर, होजरील की सहायता से आग को 3:30 बजे तक पूर्णतः बुझा दिया। मधुकर सोनवणे, सागर परब और निखिल भोईर की त्वरित कार्रवाई से दुकान में आग फैलने से रोका जा सका। दूसरी और सबसे बड़ी घटना पेल्हार गांव महानगरपालिका ऑफिस के पास स्थित प्लास्टिक कच्चा माल (दाणे) गोदाम में सुबह 4:21 बजे आग लग गई।

# कोंपा ग्राम पंचायत के तालाब की रेलिंग टूटी, किनारा धंसा

**प्रतिदिन निकलते हैं सैकड़ो बालू ट्रक**

अमन लेखनी समाचार



चित्रकूट। मऊ तहसील, ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोंपा के मजरा मटियार में एक तरफ रेलिंग क्षतिग्रस्त हो गई उसका किनारा धंस गया है। स्थानीय लोगों को तालाब की रेलिंग टूटने से खतरा महसूस कर रहे हैं। ग्राम पंचायत विकास ने कई वर्षों से इस तालाब को अनदेखा कर रखा है। मेन समस्या बालू से भरे सैकड़ो ट्रक लगातार निकालने के कारण तालाब का किनारा भी धंस गया है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय निवासी रामभरोस ने बताया कि तालाब की कभी सफाई खुदाई नहीं की गई न इसका सुंदरीकरण किया गया है। ग्राम प्रधान और संबंधित अधिकारी मटियार के इस तालाब का ध्यान नहीं दे रहे हैं। बालू से लदे ओवरलोड सैकड़ो भारी वाहनों से तालाब का किनारा धंसा है, बल्कि रास्ता भी पूरा छतिग्रस्त हो गया है। जिसमें आए दिन दो पहिया वाहन साइकिल चालक गिर जाते हैं चोटिल हो जाते हैं, जो सुरौंधा अशोक चौराहा के पास आता है। स्थानीय लोगों द्वारा मांग की गई है कि इस तालाब का सुंदरीकरण कराया जाए, तथा इस कच्चे पक्के रास्ते से बालू ट्रैकों को ना निकले ने दिया जाए तथा बालू से लदे ट्रकों को जाने के लिए वैकल्पिक मार्ग बनाया जाए।

# तैराकी खेल ही नहीं प्राकृतिक बाढ़ जैसी आपदाओं में स्वयं कि सुरक्षा के साथ दूसरों कि भी मदद की जा सकती हैं




अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। तैराकी खेल ही नहीं आत्मरक्षा का साधन भी है प्राकृतिक बाढ़ जैसी आपदाओं में स्वयं कि सुरक्षा के दूसरों कि भी मदद की जा सकती हैं तैराकी के खेल में कृष्ण कुमार बने विजेता सोनभद्र थाना शक्तिनगर परिक्षेत्र के कौहरौल शिव मंदिर रिंहद जलाशय में आदिवासी तैराकी प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम सोन आदिवासी शिल्पकला ग्रामोद्योग समिति के बैनर तले आयोजित किया गया हैं। कार्यक्रम कई चरणों में सम्पन्न हुआ। प्रथम विजेता कृष्ण कुमार बने, द्वितीय विजेता विकास, तृतीय विजेता सुभाष यादव बने खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया हैं। पुरस्कार वितरण में बतौर मुख्य अतिथि संजीव सिंह गौड़ राज्यमंत्री समाज कल्याण, अनुसूचित जाति/जन जाति कल्याण उत्तर प्रदेश के न आने पर समिति ने सभी तीन विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। संस्था का उद्देश्य है कि रिंहद जलाशय के किनारे निवास करने वाले निवासियों को तैराकी खेल के प्रति जागरूक होना और बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं से स्वयं कि सुरक्षा के साथ दूसरों की भी मदद कर सके। ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए आदिवासी तैराकी प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजनबिगत कई वर्षों से किया जा रहा है। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष ने कहा कि यदि बिजली कम्पनियां और कोयला परियोजनाओं को चाहिए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करें तो राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी बन सकते है। सरकार को चाहिए कि तैराकी के खेल के प्रति जागरूक करना चाहिए ताकि नदी तल, जलाशय में डूबने से बच कर स्वयं कि सुरक्षा के साथ दूसरों की मदद हो सके। कार्यक्रम का में सचिव ओम प्रकाश, राकेश कुमार निषाद, राजीव नयन सिंह, संदीप कुमार, संजीव कुमार दुबे इत्यादि।

# पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन की बैठक में महेश चौरसिया चुने गए महराजगंज के जिलाध्यक्ष

**संगठन ने उनके नेतृत्व पर जताया पूर्ण विश्वास**

अमन लेखनी समाचार

महराजगंज जनपद में पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक शनिवार को सदर ब्लॉक सभागार में आयोजित हुई, जिसमें जिले के सक्रिय पत्रकारों की उपस्थिति रही। बैठक का सबसे महत्वपूर्ण निर्णय रहा—महेश चौरसिया को सर्वसम्मति से महराजगंज का जिलाध्यक्ष चुनना। उनके चयन के साथ पूरे जिले के पत्रकारों में उत्साह तथा संगठन को लेकर नई उम्मीदें देखने को मिलीं।

### महेश चौरसिया का चयन—संगठन को नई दिशा देने की उम्मीद

पत्रकारिता जगत में लंबे समय से सक्रिय और निष्पक्ष छवि वाले पत्रकार महेश चौरसिया को जिलाध्यक्ष बनाकर संगठन ने स्पष्ट कर दिया कि अब जिले में पत्रकार हितों को मजबूती से उठाया जाएगा। सभी पत्रकारों ने कहा कि महेश चौरसिया हमेशा से पत्रकारों के अधिकारों, सुरक्षा और समस्याओं को आवाज देते रहे हैं। उनके नेतृत्व में संगठन न केवल मजबूत होगा, बल्कि फील्ड में कार्यरत पत्रकारों को भी वास्तविक सहयोग मिलेगा।

### बैठक की अध्यक्षता कर रहे डॉ. टी. एन. गुप्ता ने कहा—

'महेश चौरसिया एक सक्रिय, ईमानदार और संघर्षशील पत्रकार हैं। संगठन को ऐसे ही नेतृत्व की जरूरत थी। हमें विश्वास है कि इनके नेतृत्व में महराजगंज जिला पत्रकार आंदोलन का मजबूत केंद्र बनेगा।'

### नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष के प्राथमिक लक्ष्य

मनोनयन के बाद महेश चौरसिया ने पत्रकारों के सामने अपना स्पष्ट एजेंडा प्रस्तुत किया—

जिले के हर पत्रकार की समस्या को सीधे शासन-प्रशासन तक पहुंचाना

पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किए जाने की दिशा में बड़ा प्रयास

फील्ड में कार्यरत पत्रकारों को उचित सम्मान और सुरक्षा दिलाना

फर्जी पत्रकारिता पर रोक के लिए जिला स्तर पर सत्यापन अभियान चलाना

डिजिटल मीडिया को सरकारी मान्यता दिलाने के लिए आंदोलन तेज करना

उन्होंने कहा— 'मैं किसी पद का नहीं, बल्कि जिले के हर पत्रकार का प्रतिनिधि हूँ। मेरी पहली प्राथमिकता होगी कि पत्रकारों को सुरक्षित माहौल मिले और उनकी आवाज प्रशासन तक स्पष्ट रूप से पहुंचे।'

### पत्रकार समुदाय ने जताया भरोसा

पत्रकारों ने कहा कि महेश चौरसिया हमेशा से जमीनी पत्रकारिता को बढ़ावा देते आए हैं। जिले के हर ब्लॉक में उनकी पकड़ और पहचान है, इसी वजह से यह उम्मीद जताई जा रही है कि संगठन अब और अधिक सक्रिय, निष्पक्ष और मजबूत होगा।

### जिले में जल्द होगा ब्लॉक स्तरीय पुनर्गठन

महेश चौरसिया ने घोषणा की कि जिले के सभी ब्लॉकों में पुनर्गठन कर सक्रिय पत्रकारों को आगे लाया जाएगा। इसके लिए हर ब्लॉक में बैठकें आयोजित की जाएंगी।

# खेल भावना का उत्सवः भरावन में तीसरा क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू



अमन लेखनी समाचार

हरदोई। संडीला के भरावन स्थित बीबीएम इंटर कॉलेज मैदान में मंगलवार को भरावन तृतीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। आयोजन भारतीय सेना से सेवानिवृत्त कर्नल एवं समाजसेवी आदित्य प्रताप सिंह की पहल पर किया गया। उनके प्रयास से क्षेत्रीय खेल प्रतिभाओं को मंच देने का यह क्रम तीसरे वर्ष जारी है।

उद्घाटन कार्यक्रम में हरदोई सांसद अशोक रावत, वीरेंद्र सिंह राजा मलेहरा, नरेंद्र बाजपेई (सांसद प्रतिनिधि), ब्लॉक प्रमुख भरावन विनोद सिंह तोमर, ब्लॉक प्रमुख संडीला, सोनू सिंह हनुमानगढ़ी, पूर्व प्रधान विनय सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि और क्षेत्र के सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। कर्नल आदित्य प्रताप सिंह ने बताया कि टूर्नामेंट में दूर-दराज की टीमों ने प्रतिभाग कर क्षेत्रीय युवाओं के जोश और प्रतिस्पर्धा को नए स्तर पर पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि खेल युवा शक्ति को दिशा देने का माध्यम है और ऐसे आयोजनों से नई प्रतिभाएँ उभरकर सामने आती हैं। सांसद अशोक रावत ने कर्नल आदित्य की समाजोन्मुख पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि देश सेवा के बाद भी उनका समाज सेवा में सक्रिय योगदान अनुकरणीय है। वहीं वीरेंद्र सिंह राजा साहब मलेहरा ने भी टूर्नामेंट को ग्रामीण खेल संस्कृति को मजबूत करने वाला कदम बताया। मैदान में उत्साहपूर्ण माहौल के बीच टूनामेंट के पहले दिन खिलाड़ियों का प्रदर्शन देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# नहीं थम रहा हरे पेड़ों का कटान

अमन लेखनी समाचार



नसीराबाद, रायबरेली। छतोह विकास क्षेत्र में हरे पेड़ों का कटान बदस्तूर जारी है और उस पर कोई विभाग रोक लगाने में सक्षम नहीं दिखाई पड़ रहा है। ब्लॉक में काजीपुर तेलियानी से लेकर ग्राम पंचायत कुंवर मऊ तक लगातार कई दिनों से आम, नीम, गूलर और अन्य प्रतिबंधित हरे पेड़ काटे जा रहे हैं और वन माफिया निर्भय होकर इस काम को अंजाम दे रहे हैं। कई राष्ट्रीय समाचार पत्रों में खबरें छपने के बावजूद वन विभाग के कान पर जूं नहीं रेंग रही है। क्षेत्रीय वन कर्मियों की मिलीभगत से हो रहे अवैध कटानों की शिकायत करने पर कभी-कभी न्यूनतम जुमार्ना करके ठेकेदारों को अभय दान दे दिया जाता है और कभी-कभी शिकायतकताओं को यह कह कर टाल दिया जाता है कि कार्यवाही की जा रही है। काजीपुर तेलियानी, कांटा, संडहा, बभनपुर, कुंवर मऊ आदि गांवों में इसी महीने हरे पेड़ों के अवैध कटान पर कोई कार्यवाही न होना विभागीय संलिप्तता का प्रमाण है। कुल मिलाकर क्षेत्र के जिम्मेदार कर्मचारियों, अधिकारियो के संरक्षण के बिना अवैध कटान संभव नहीं है। वन विभाग ही हरियाली का दुश्मन बना हुआ है। शीर्ष अधिकारियों को इस क्षेत्र पर विशेष ध्यान देना होगा। अगर हरियाली पर इसी तरह आरा चलता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब लोगों को प्राणवायु के लिए भी तरसना पड़ेगा।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।


सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# 'रील' से 'रियल' तक 'ही-मैन' ही रहे धर्मेंद्र

'रील से रियल' तक 'ही-मैन' रहे धर्म पाजी यानी अभिनेता धर्मेंद्र अब हमारे बीच नहीं रहे। 8 दिसंबर 1935 को पंजाब के नसराली गांव में जन्में धर्मेंद्र ने जब दिलीप कुमार की फिल्म शहीद देखी तो बेचैन हो उठे। उन्होंने सिनेमा हॉल से बाहर निकलते ही मन ही मन ठान लिया कि अब उन्हें दिलीप कुमार जैसा ही बनना है। इसी संकल्प के साथ धर्मेंद्र ने अपना कॅरियर शुरु किया फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। कामायाबी ऐसी मिली की कोई उन्हें, ही-मैन कहने लगा तो कोई धर्म पाजी। जैसे-जैसे फिल्में हिट होती गईं वैसे-वैसे धर्मेंद्र के उप नाम भी बढ़ते गए। कुल मिलाकर 6 दशक में 300 फिल्में और करीब दो दर्जन बड़े अवार्ड उनके खाते में आ गए। इस बीच उन्होंने पूरे देश को हंसाया, गुदगुदाया और एक बेहतरीन कलाकार को गढ़कर सबके चहते बन गए। ये सफर कब पूरा हो गया किसी को पता ही नहीं चला। अब सिर्फ उनकी यादें हैं और आंखों में आंसू के सिवाए कुछ नहीं है। धर्मेंद्र से जुड़ी कुछ यादें 'हरिभूमि'अपने पाठकों तक पहुंचाने का प्रयास कर रहा है।

## 1 200 रुपए के लिए गैराज में करते थे काम



जब धर्मेंद्र फिल्मों में काम करने की चाह लिए मुंबई पहुंचे तो उस वक्त गुजारा करने के लिए न उनकी जेब में पैसे थे और उनके पास रहने के लिए कोई ठिया था। अपना गुजारा करने के लिए वो एक गैराज में काम करते थे। वहां काम करने के लिए उन्हें 200 रुपए मिलते थे। इतने पैसों में उनका गुजारा नहीं हो पाता था, इसलिए वो ओवरटाइम भी करते थे और फिर रात में गैराज में ही सो जाते थे। जब दिल भी तेरा हम भी तेरे फिल्म के जरिए उन्हें बॉलीवुड में पहला ब्रेक मिला तो उन्हें ऐसी उम्मीद थी कि उन्हें इस पिक्चर के लिए कम से कम 5 हजार रुपए मिलेंगे। हालांकि, उन्हें सिर्फ 51 रुपए मिले थे, वो भी तीन लोगों ने मिलकर 17-17 करके उन्हें 51 रुपए दिए थे। ये फीस भले ही कम थी, लेकिन धर्मेंद्र उस 51 रुपए को काफी लकी मानते थे। कुछ साल पहले धर्मेंद्र एक सिंगिंग रियलिटी शो पर पहुंचे थे, उस वक्त एक्टर ने स्ट्रगल को लेकर बात की थी।

## 2 जब मां ने ये कहा रोज पीया करो बेटा

धर्मेंद्र सोने से पहले हमेशा अपनी मां सतवंत कौर के पैर दबाया करते थे। धर्मेंद्र तब तक पैर दबाते थे, जब तक मां उन्हें सोने को नहीं कहतीं। एक दिन धर्मेंद्र शराब पीकर आए और अपनी मां के पैर दबाने लगे। मां की नींद लग गई और उन्होंने धर्मेंद्र से रुकने को ही नहीं कहा। वो रात भर मां के पैर दबाते ही रहे। जब मां की नींद खुली तो



उन्होंने कहा, बेटा, शराब पीकर इतने अच्छे पैर दबाते हो, रोज पीया करो। ये किस्सा खुद धर्मेंद्र ने सारेगामापा शो में सुनाया था। इसी तरह एक किस्सा और है जब 1971 में ऋषिकेश मुखर्जी फिल्म 'आनंद' प्लान कर रहे थे तो सबसे पहले उन्होंने इसकी कहानी बेंगलुरु से मुंबई फ्लाइट के दौरान धर्मेंद्र को सुनाई थी। धर्मेंद्र बड़े खुश हुए। उन्हें गलतफहमी हुई कि ऋषिकेश दा शायद उन्हें ही फिल्म में लेंगे। कुछ दिनों बाद अखबार में खबर छपी कि फिल्म के हीरो राजेश खन्ना होंगे। धर्मेंद्र ने जमकर शराब पी और फिर देर रात ऋषिकेश दा को कॉल किया और कहा कि आप मेरे साथ ऐसा कैसे कर सकते हैं, ऋषि दा... ऋषिकेश उन्हें शांति से समझाते रहे और कहते रहे कि धरम हम सुबह बात करेंगे, लेकिन धर्मेंद्र थे कि लगातार अपनी बात दोहराए जा रहे थे। ऐसा करते-करते उन्होंने रातभर ऋषिकेश दा को परेशान किया। इसके बावजूद ऋषिकेश मुखर्जी और धर्मेंद्र की दोस्ती बरकरार रही।

## 3 हेमा के साथ सीन के लिए दिए थे 2 हजार



रमेश सिप्पी शोले फिल्म के दूसरे हीरो के लिए एक ऐसे एक्टर की तलाश में थे, जो ज्यादा पॉपुलर न हो। ऐसे में धर्मेंद्र ने ही अमिताभ के नाम का सुझाव दिया। धर्मेंद्र इस फिल्म में वीरू की जगह ठाकुर का रोल निभाने में अड़े हुए थे, लेकिन संजीव कुमार को पहले ही कास्ट कर चुके रमेश सिप्पी उन्हे बदलने के पक्ष में नहीं थे। जब धर्मेंद्र ने जिद नहीं छोड़ी तो रमेश ने उन्हें समझाया कि अगर वो ठाकुर बने तो उन्हें हेमा के साथ कम सीन मिलेंगे, लेकिन अगर वीरू बने तो उन्हें बसंती बनीं हेमा के साथ रोमांस करने का मौका मिलेगा। इस बात को सुनकर धर्मेंद्र मान गए। धर्मेंद्र हेमा को इस कदर पसंद करते थे कि जब बसंती को गन चलाना सिखाने वाला सीन शूट हो रहा था। धर्मेंद्र ने स्पॉटबॉय को 2000 रुपए दिए, जिससे बार-बार सीन खराब हो और रीटेक करना पड़े। स्पॉटबॉय ने रिश्वत लेकर बार-बार सीन दोहराने में धर्मेंद्र की मदद की और धर्मेंद्र बार-बार हेमा के नजदीक जाते रहे। बाद में 1980 में हेमा मालिनी से शादी की।

## 4 शशि कपूर अपने घर लेकर गए थे और भरपेट खाना खिलाया



वैसे तो अभिनेता धर्मेंद्र को लेकर कई किस्से है लेकिन जो सर्वाधिक चर्चा में रहे है उनमें एक किस्सा धर्मेंद्र का शुरुआती एक्टिंग करियर संघर्ष से भरा था। उन्होंने कई रातें चने खाकर रेलवे स्टेशन पर गुजारी थीं। वह रोल पाने के लिए प्रोड्यूसर्स के यहां मीलों पैदल चलकर जाते थे, जिससे कुछ पैसे बचा सकें और वह खाना खा सकें। एक बार शशि कपूर उन्हें अपने घर लेकर गए थे और भरपेट खाना खिलाया था। इसके अलावा धर्मेंद्र और दिलीप कुमार का रिश्ता भी बड़ा खास था। धर्मेंद्र दिलीप साहब को अपना बड़ा भाई मानते थे। वह जब भी दिलीप कुमार से मिलते तो उनके पैरों के पास बैठते थे। वक्त-वक्त पर वह दिलीप कुमार से मिलने उनके घर जाया करते थे। धर्मेंद्र का नाम एक वक्त में मीना कुमारी के साथ भी जोड़ा गया। मीना कुमारी को शायरी का शौक था। कहा जाता है कि मीना कुमारी की संगत में रहकर ही धर्मेंद्र को भी शायरी का शौक हुआ। इसी तरह गोविंदा जब फिल्मों में हिट हुए थे तो कुछ गुंडे लोगों ने उन्हें परेशान करना शुरू कर दिया। ऐसे में गोविंदा ने धर्मेंद्र से मदद मांगी थी। तब धर्मेंद्र ने ऐलान किया था कि वह गोविंदा की मदद करेंगे। इसके बाद गोविंदा को किसी ने परेशान नहीं किया। धर्मेंद्र अपनी एक्शन फिल्मों के लिए दर्शकों के बीच मशहूर थे। वह फिल्मों में अपने एक्शन सीन्स खुद किया करते थे। कभी भी धर्मेंद ने बॉडी डबल की मदद एक्शन सीन्स के लिए नहीं ली। एक फिल्म में धर्मेंद्र ने असल में चीते से लड़ाई लड़ी थी।

## 5 मुझे लगता सनी मेरे पास बैठे, पर मैं भी अपने पापा के पास नहीं बैठता था

बॉलीवुड अभिनेता धर्मेंद्र ने एक पुराने इंटरव्यू में कहा था कि उनके मां-बाप उनके वक्त के लिए तरसते रहे, और आज वही कमी उन्हें खुद भी महसूस होती है। अभिनेता ने कहा था कि पेरेंटस और बच्चों के बीच दोस्ती का रश्ता होना चाहिए। बॉलीवुड-बॉलीवुड को दिए एक पुराने इंटरव्यू में अभिनेता धर्मेंद्र से पूछा गया था कि क्या उन्हें लगता है कि उनके ऊपर उनके पिता की छाप है, क्योंकि वे खुद भी एक सख्त पिता माने जाते हैं। इस सवाल पर धर्मेंद्र मुस्कराते हुए कहते हैं, 'हां, यह बात सही है। सनी बाबू भी मुझसे डरता है। मुझे हमेशा लगता है कि वो मेरे पास बैठे, मुझसे बातें करे, आज सोचता हूं कि काश मेरे बाबूजी मेरे दोस्त होते, दोस्ती होना बहुत जरूरी है। मैं बहुत मिस करता हूं और वे लोग कभी मेरे साथ बैठते नहीं है। वो इंटरव्यू में आगे बताते हैं, सनी आता है और बस इतना कहता है-



पापा, मैं शूटिंग पर जा रहा हूं। ऐसे ही मैं करता था। मुझे अपने पिताजी याद आते हैं। वो उस वक्त अपनी छड़ी लेकर बैठे रहते थे और कुछ सोचते रहते थे। जब मैं पूछता था, क्या सोच रहे हैं बाबूजी?' तो वो कहते थे, जल्दी आ जाया करो शूटिंग से। मैं उन्हें गले लगाकर निकल जाता था। शाम को जब लौटता था तो मां ठुड्डी पर हाथ रखे बैठी रहती थीं, जब उनसे पूछो कि क्या हुआ, तो भी वही जवाब देती थी। आज महसूस होता है कि हमारे मां-बाप भी हमारा साथ चाहते थे। वो चाहते थे कि हम उन्हें वही प्यार, वही लाड़-दुलार दें, जो उन्होंने हमें बचपन में दिया था। आज वो बात समझ आती है। आज, वही कमी सबसे ज्यादा महसूस होती है।

### कुछ इस तरह का सफर रहा धर्मेंद्र का

**जन्मः** 8 दिसंबर 1935

**मृत्युः** 24 नवंबर 2025

**परिवारः** पूरा नाम धरम सिंह देओल है। उनके पिता केवल किशन सिंह देओल एक स्कूल शिक्षक थे।

**शिक्षाः** स्कूली शिक्षा फगवाड़ा के लालटन कलां से पूरी की और पंजाब यूनिवर्सिटी से उच्च शिक्षा प्राप्त की।

**फिल्मों में आने का कारणः** फिल्मफेयर मैगजीन के एक टैलेंट हंट प्रतियोगिता के विजेता बनने के बाद, उन्होंने अभिनय की चाहत में मुंबई का रुख किया।

**करियर :** धर्मेंद्र ने 1960 में 'दिल भी तेरा हम भी तेरे' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की।

**सफलताः** 1966 की फिल्म 'फूल और पत्थर' ने उन्हें एक एक्शन हीरो के रूप में स्थापित किया।

**अभिनयः** फिल्मों में एक्शन और रोमानी दोनों तरह के किरदार निभाए हैं, लेकिन उनकी 'सत्यकाम' और 'शोले' जैसी फिल्मों में उनके काम को काफी सराहा गया है।

**ही-मैनः** बॉलीवुड के ही-मैन के रूप में जाना जाता है और उन्होंने अपने पांच दशक से अधिक लंबे करियर में 300 से अधिक फिल्मों में काम किया है।

कुल फिल्में
**300**
हिट फिल्में
**74**
ब्लॉकबस्टर
**07**
सुपरहिट
**13**

### ही मैन का निजी जीवन



**पहली शादीः** धर्मेंद्र की पहली शादी प्रकाश कौर से हुई थी, जिनसे उनके चार बच्चे हैं: सनी देओल, बॉबी देओल, विजेता और अजिता।

**दूसरी शादीः** अभिनेत्री हेमा मालिनी से शादी की, जिनसे उनकी दो बेटियां हैं: ईशा देओल और अहाना देओल।

**राजनीतिः** धर्मेंद्र ने राजनीति में भी कदम रखा और भाजपा के सदस्य के रूप में 2004 में राजस्थान के बीकानेर निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा सांसद चुने गए।

## ढेरों पुरस्कार और पद्म भूषण से भी सम्मानित

- धर्मेंद्र ने फिल्मों में सिर्फ एक्टिंग की नहीं की, बल्कि वह प्रोड्यूसर भी रहे हैं। भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए उन्हें 2012 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। इसके अलावा उन्होंने नेशनल अवॉर्ड जीता और फिल्मफेयर के लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड के अलावा करीब दो दर्जन सम्मान उन्हे मिले हैं। जिसमें ये प्रमुख हैं।
- साल 2012 में उन्हें भारत सरकार ने पद्म भूषण से सम्मानित किया था।



- धर्मेंद्र की प्रोड्यूस फिल्म 'घायल' को साल 1990 में बेस्ट पॉपुलर फिल्म का नेशनल अवॉर्ड मिला था। इस फिल्म में उनके बेटे सनी देओल ने लीड रोल किया था।
- धर्मेंद्र को साल 1997 में फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट्स अवॉर्ड मिला था। वहीं 1991 में उनकी प्रोड्यूस फिल्म घायल को बेस्ट फिल्म का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला था।


## मेहनत से कमाई... करीब 5.35 अरब की संपत्ति

धर्मेंद्र की संपत्ति और नेट वर्थ की बात करें, तो रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह 500 से 535 करोड़ रुपए (5.35 अरब) के आसपास बताई जाती है। यह अथाह संपत्ति उन्होंने फिल्मों में एक्टिंग के अलावा प्रोडक्शन, ब्रांड एंडोर्समेंट्स और इनवेस्टमेंट से जुटाई। धर्मेंद्र खास पढ़े-लिखे नहीं हैं, पर इसने कभी भी उनकी सफलता की राह में रोड़े नहीं अटकाए। धर्मेंद्र ने अपनी कड़ी मेहनत से हर मुश्किल को आसान बना लिया। धर्मेंद्र अब काफी समय से महाराष्ट्र के लोनावला स्थित अपने फार्महाउस पर रह रहे हैं। इसमें स्वीमिंग पूल समेत सारी लग्जरी सुविधाएं हैं। यहां धर्मेंद्र खेती भी करते हैं और काफी स्टाफ भी



रखा हुआ है। धर्मेंद्र वीडियोज इंस्टाग्राम पर शेयर करते रहते थे। उनके इस फार्महाउस की कीमत 120 करोड़ रुपए बताई जाती है। धर्मेंद्र के पास दो घर भी हैं, जिनमें से एक 20 करोड़ तो दूसरा 48 करोड़ रुपए के आसपास है। रिपोर्ट के मुताबिक, धर्मेंद्र के पास 17 करोड़ रुपए की और भी संपत्ति है, जो महाराष्ट्र में ही है। 1 करोड़ 55 लाख रुपए की खेती की जमीन है, जिस पर धर्मेंद्र का रिजॉर्ट बनाने का प्लान था। धर्मेंद्र के पास कई लग्जरी गाड़ियां भी हैं, जिनमें 1960 में खरीदी उनकी फिएट से लेकर विंटेज फिएट और मर्सिडीज बेंज तक, शामिल हैं।

## धरम पाजी की वो फिल्में... जिनके किरदारों ने उन्हे बुलंदियों तक पहुंचाया



**सत्यकाम** :1969, गंभीर मुद्रा में भी माहिर



**फूल और पत्थर** : 1966, इसी फिल्म से बने थे ही-मैन



**सीता और गीता** : 1972, जैसी भूमिका वैसे एक्प्रेशन



**मेरा गांव मेरा देश** :1971, सुपर हिट, धर्मेंद्र को सराहा गया



**शोले** : 1975, बसंती इन कुत्तों के सामने मत नाचना : हिट डायलॉग